


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 281

ग्वालियर, रविवार, 5 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### मीटर की रीडिंग लेने आये युवक ने 12 साल की किशोरी से किया दुष्कर्म का प्रयास

**भोपाल।** राजधानी के हबीबगंज थाना इलाके मे मीटर की रीडिंग लेने आये युवक द्वारा घर में अकेली 12 साल की किशोरी के साथ अश्लील हरकत कर दुष्कर्म का प्रयास किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार इलाके मे रहने वाली 12 साल की नाबालिग ऑठवी कक्षा की पढाई करती है। उसने पुलिस को बताया कि बीते दिन उसके मां और पिता सीहोर मे रहने वाले एक रिश्तेदार के यहॉ गए हुए थे। इस दौरान वो घर पर अकेली थी। दोपहर के समय बिजली विभाग का संविदा कर्मचारी मोनू वर्मा (22) घर में मीटर रीडिंग लेने आया। मीटर रीडिंग लेने के बाद उसने किशोरी को बिल दिया और पीने के लिए पानी मांगा। बताया गया है कि आरोपी ने इतनी देर मे यह भापं लिया कि किशोरी घर मे अकेली है। नाबालिग पानी लेने जैसे ही अंदर गई, आरोपी भी उसके पीछे-पीछे घर में घुस गया और दरवाजा बंद कर अशलील हरकते करने लगा। अपने बचाव मे पीड़िता ने शोर मचाया जिसे सुन आस पास के लोग वहॉ आ गये। उसी दोरान मौका पाकर आरोपी वहॉ से भाग गया। बाद मे किशोरी के मां और पिता भी आ गए। घटना की जानकारी लगने पर वो बेटी को लेकर थाने पहुंचे ओर आरोपी मोनू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोस्को एक्ट और छेड़खानी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

### एयर इंडिया के विमान में पैसेंजर की यात्रा के दौरान मौत, 3 घंटे बाद विमान दिल्ली लौटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली से अमेरिका जा रहे एयर इंडिया के विमान में पैसेंजर की यात्रा के दौरान मौत हो गई। इसके बाद फ्लाइट को वापस दिल्ली लाया गया। दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ान भरने के तीन घंटे के बाद विमान को वापस लौटाया गया। एयर इंडिया के अधिकारी ने बताया, यह फ्लाइट दिल्ली से अमेरिका के नेवार्क जा रही थी। फ्लाइट के उड़ान भरने के 3 घंटे बाद विमान में मेडिकल इमरजेंसी सामने आई। एयरपोर्ट के डॉक्टरों की टीम विमान में पहुंची। पूरी सावधानी से जांच करने के बाद पैसेंजर को मृत घोषित कर दिया गया। पैसेंजर अमेरिकी नागरिक था। वह अपनी पत्नी के साथ ट्रैवल कर रहा था। एयरपोर्ट के अधिकारी ने बताया, 4 दिसंबर को दिल्ली से नेवार्क जाने वाली उड़ान संख्या एआई-105 वापस लौट आई। उड़ान के दौरान एक पुरुष यात्री की मौत के बाद ऐसा करना पड़ा। यह अमेरिकी नागरिक था। वह अपनी पत्नी के साथ नेवार्क जा रहा था यह फ्लाइट दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षित रूप से उतरी। फ्लाइट टाइम ड्यूटी लिमिटेशन के नियमों के अनुसार, फ्लाइट ऑपरेशन के लिए चालक दल के एक और बैच का बंदोबस्त किया गया।

### कर्नाटक के बाद जामनगर पहुंचा ओमिक्रॉन, व्यक्ति जिम्बाब्वे से लौटा

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रोन का तीसरा मामला सामने आया है। बता दें कि कर्नाटक के बाद गुजरात के जामनगर में ओमिक्रॉन से संक्रमित व्यक्ति की पहचान हुई है। यह व्यक्ति जिम्बाब्वे से आया था। उसके सैंपल को टेस्ट के लिए पुणे भेजा गया था। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि गुजरात में ओमिक्रोन का पहला मामला जामनगर में सामने आया। जिम्बाब्वे से आया व्यक्ति ओमिक्रोन वेरिएंट से संक्रमित था। उसका सैंपल पुणे भेजा गया है।कोरोना के नए वेरिएंट के 2 मामले कर्नाटक में सामने आए थे। जिनमें से एक दक्षिण अफ्रीकी नागरिक है, जबकि दूसरा स्थानीय व्यक्ति है। हालांकि, बेंगलुरु के रहने वाले व्यक्ति ने विदेश यात्रा नहीं की थी और दक्षिण अफ्रीका के नागरिक की रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद वहां वापस अपने देश लौट गया।

### गुलाम नबी आजाद की सुरक्षा बलों का सलाह, आंतकियों को तुरंत मरने की जगह दो दिन का समय दें

**जम्मू।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने सुरक्षा बलों से आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान संयम रखने के लिए कहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने आतंकवाद की तुलना सांप और सीढ़ी के खेल से कर कहा कि आतंक रोधी अभियानों के दौरान आम नागरिकों के मारे जाने से आतंकवाद और बढ़ता है। उन्होंने सुरक्षा बलों को सलाह दी कि यदि आतंकवादी किसी के मकान में घुस गए हैं,तब उन्हें तुरंत नहीं मारा जाए बल्कि दो दिन का इंतजार किया जाए। दूसरी ओर, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि अनुच्छेद 370 के प्रावधान निरस्त होने के बाद से कश्मीर में शांति है,वहां व्यवसाय के लिए अच्छा निवेश हो रहे हैं, पर्यटक आ रहे हैं। शाह ने कहा कि किसी को विश्वास नहीं था कि अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाया जा सकता है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में यह कर दिखाया।

## मप्र में पंचायत चुनाव का ऐलान...लगी आचार संहिता

# 6 जनवरी से तीन चरणों में होंगे पंचायत चुनाव

- पहला चरण 6 जनवरी, दूसरा 28 जनवरी और तीसरा चरण 16 फरवरी को होगा...
- पंच और सरपंच पद के मतों की काउंटिंग मतदान के बाद पोलिंग बूथ की जाएगी
- जनपद और जिला पंचायत सदस्य के लिए मतगणना विकासखंड मुख्यालय पर होगी




**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है। यह चुनाव तीन चरणों में आयोजित किए जाएंगे। मप्र राज्य निर्वाचन आयोग की इस घोषणा के साथ ही मध्यप्रदेश में चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई है। प्रथम चरण का मतदान 6 जनवरी को, दूसरे चरण का 28 जनवरी और तीसरे चरण का मतदान 16 फरवरी को होगा। 13 दिसंबर से नामांकन पत्र मिलने लगेंगे। तारीखों की घोषणा होते ही प्रदेश में आचार संहिता भी लागू कर दी गई है, जो चुनाव परिणाम आने तक रहेगी। यह आचार संहिता ग्रामीण क्षेत्रों में लागू रहेगी।

राज्य निर्वाचन आयोग ने शनिवार को मध्यप्रदेश में पंचायत चुनावी की घोषणा कर दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बीके सिंह ने बताया कि तीन चरणों में चुनाव होंगे। पहले चरण में 85 जनपद पंचायतों में मतदान होगा, इसमें 9 जिले कवर किए जाएंगे। दूसरे चरण में 110 जनपद पंचायतों में मतदान होगा, जिसमें 7 जिलों को कवर किया जाएगा। तीसरे चरण में 118 जनपद पंचायतों में मतदान होगा, इसमें 36 जिले कवर किए जाएंगे। तीन करोड़ 52 लाख मतदाता हैं। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान किया जा सकेगा। बीके सिंह ने बताया कि पंच और सरपंच का चुनाव मतपत्र से होगा, बाकी चुनाव ईवीएम मशानों से होगा। चुनाव दलीय आधार पर नहीं हो रहे हैं, इसलिए इसमें किसी भी पार्टी जैसे भाजपा या कांग्रेस का अधिकृत चुनाव चिन्ह उपयोग नहीं होगा। राज्य निर्वाचन आयोग अलग से चुनाव चिन्ह आवंटित करेगा। हालांकि आचार संहिता के दायरे में सभी राजनीतिक दल आएंगे।

### सरपंच और पंचों का नामांकन ऑफलाइन

मध्यप्रदेश में सरपंच और पंचों को ऑनलाइन नामांकन नहीं भरना होगा, उन्हें निर्वाचन कार्यालय में ही फॉर्म भरना होगा। जिला पंचायत के लिए आनलाइन नामांकन की व्यवस्था रहेगी। जिला एवं जनपद में इवीएम से वोटिंग होगी और ग्राम स्तर पर मतपत्र के जरिए वोटिंग कराई जाएगी। इसके अलावा पंच, सरपंच, जनपद पंचायत और जिला पंचायत सदस्य के लिए अभ्यर्थी अपने नाम-निर्देशन पत्र के साथ पंचायत को सभी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### सभी पदों के लिए धरोहर राशि

जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन के साथ धरोहर राशि 8 हजार रुपए, जनपद के लिए 4 हजार और ग्राम पंचायत सरपंच के लिए 2 हजार और पंच के लिए 400 रुपए जमा करनी होगी। अनूसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, महिलाओं को निर्धारित से आधी ही राशि जमा करनी होगी। नामांकन पत्र दाखिल करने जाते समय अभ्यर्थी अपने साथ अधिकतम दो लोग ले जा सकते हैं। कार्यालय जाते समय दो वाहनों का ही प्रयोग कर सकते हैं।

### कोरोना के बीच होगा चुनाव

पंचायत चुनावों की घोषणा ऐसे समय में हो रही है, जब प्रदेश में धीरे-धीरे कोरोना का संक्रमण बढ़ रहा है। कोरोना संक्रमण और फैलता है तो तीसरी लहर से इनकार नहीं किया जा सकता है। इधर, कांग्रेस प्रवक्ता अजय सिंह यादव ने इस चुनाव को अवैधानिक बताया है। यादव ने कहा कि पिछले तीन बार के चुनाव में परिसीमन नहीं कराया। भाजपा 2014 का परिसीमन क्यों थोपना चाहते हैं। कांग्रेस का कहना है कि हम कोर्ट जाएंगे। इधर भाजपा के रजनीश अग्रवाल ने कहा कि यह चुनाव विधिसंमत है।

#### प्रथम चरण

प्रथम चरण में 9 जिलों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, निवाड़ी, अलीराजपुर, पन्ना, नरसिंहपुर, हरदा और दतिया में एक ही चरण में चुनाव संपन्न होंगे। 6 जनवरी को मतदान होगा। 6 जनवरी को ही सरपंच और पंच पद के लिए मतगणना। 10 जनवरी को जिला पंचायत और जनपद पंचायत सदस्य के लिए ईवीएम से मतगणना।प्रथम चरण के चुनाव के लिए 13 दिसंबर से नामांकन पत्र मिलेंगे। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर है। पत्रों की जांच 21 दिसंबर को होगी। 23 दिसंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 23 दिसंबर को नाम वापसी के ठीक बाद चुनाव लडने़ वाले उम्मीदवारों की सूची तैयार होगी। उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

#### दूसरा चरण

दूसरे चरण में 7 जिलों में जबलपुर, बुरहानपुर, सिंगरौली, उमरिया, अनूपपुर, श्योपुर और देवास में चुनाव होंगे। 28 जनवरी को मतदान होगा। 28 जनवरी को ही सरपंच और पंच पद के लिए मतगणना। 1 फरवरी को जिला पंचायत और जनपद पंचायत सदस्य के लिए इवीएम से मतगणना। दूसरे चरण के चुनाव के लिए 13 दिसंबर से नामांकन पत्र मिलेंगे। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर रहेगी। पत्रों की जांच 21 दिसंबर को होगी। 23 दिसंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 23 दिसंबर को नाम वापसी के ठीक बाद चुनाव लडने़ वाले उम्मीदवारों की सूची तैयार होगी। उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

#### तीसरा चरण

36 जिलों राजगढ़, रायसेन, सीहोर, विदिशा, खरगोन, खंडवा, धार, झाबुआ, बड़वानी, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, कटनी, उज्जैन, नीमच, रतलाम, शाजापुर, आगर-मालवा, मंदसौर, सागर, छतरपुर, दमोह, टीकमगढ़, रीवा, सीधी, सतना, होशंगाबाद, बैतूल, शहडोल, भिंड और मुरैना की पंचायतों में तीसरे चरण में मतदान होंगे। 16 फरवरी को मतदान होगा। 16 फरवरी को ही सरपंच और पंच पद के लिए मतगणना। 20 फरवरी को जिला पंचायत और जनपद पंचायत सदस्य के लिए इवीएम से मतगणना।चुनाव के लिए 30 दिसंबर से नामांकन पत्र मिलेंगे। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 6 जनवरी रहेगी। पत्रों की जांच 7 जनवरी को होगी। 10 जनवरी दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। अंतिम सूची 10 जनवरी को ही जारी की जाएगी। चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

# राज्यपाल श्री पटेल एवं मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चित्र प्रदर्शनी का किया अवलोकन

### प्रदर्शनी में मिलती है जनजातीय योद्धा टंट्या मामा के जीवन की झलक

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने क्रांतिसूर्य जननायक टंट्या मामा के बलिदान दिवस के अवसर पर नेहरू स्टेडियम इंदौर में प्रदर्शित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर गृह मंत्री एवं इंदौर जिले के प्रभारी डॉ. नरोत्तम मिश्र, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, जनजातीय कार्य विभाग मंत्री सुश्री मीना सिंह, वन मंत्री विजय शाह, संस्कृति मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर, सांसद शंकर लालवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।


### जबलपुर कारावास का दुर्लभ चित्र




चित्र प्रदर्शनी में टंट्या मामा का वह वास्तविक फोटोग्राफ भी शामिल हैं जब उन्हें गिरफ़्तार करके जबलपुर जेल भेजा गया था। प्रदर्शनी में टंट्या मामा के पैरों में बेड़ियां जकड़े हुए एक फ़ोटो भी शामिल है। उनके पैतृक गाँव गढ़ी कोठड़ा में किशन जी के निवास स्थान पर स्थित देवस्थान भील परंपरा की जानकारी देता है। टंट्या मामा के पोते और किशन जी के पुत्र नत्थू सिंह का वास्तविक चित्र, ग्राम कोठड़ा में स्थित पीर की दरगाह और जबलपुर में सन 1874 में बनी सेंट्रल जेल का फ़ोटो भी वहाँ लगाया गया है। यहीं पर 4 दिसंबर 1889 को टंट्या मामा को फाँसी दी गई थी।

### लंदन म्यूज़ियम में सुरक्षित हैं तीर धनुष

इस चित्र प्रदर्शनी में टंट्या मामा और उनके साथियों को जब गिरफ़्तार किया गया तो उनके पास से ज़ब्त तीर धनुष के फोटोग्राफ भी हैं, ये तीर धनुष वर्तमान में लंदन के म्यूज़ियम में सुरक्षित हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स में 10 नवंबर 1889 को एक समाचार प्रकाशित हुआ था, जिसमें अंग्रेज़ पत्रकार द्वारा टंट्या मामा को भारतीय रॉबिन हुड कहा गया था। इसमें उल्लेख है कि अंग्रेजों से लूटे गए धन एवं वस्तुओं का स्वयं उपयोग टंट्या मामा द्वारा कभी भी नहीं किया गया। लूटे हुए धन एवं वस्तुओं को गरीबों में बांट दिया करते थे। समाचार पत्र की फ़ोटो भी यहाँ दर्शाई गई है। इसके अतिरिक्त अन्य बहुत से पोर्टेट यहाँ लगाए गए हैं जो उनके जीवन के विविध पक्षों को प्रदर्शित करते हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### 2023 के एकदिवसीय विश्व कप में भी कप्तानी करना चाहते हैं फिंच

**मेलबोर्न** । ऑस्ट्रेलियाई सीमित ओवरों की टीम के कप्तान आरोन फिंच ने कहा है कि वह अगले टी20 विश्व कप में भी अपनी टीम की कप्तानी करना चाहेंगे। अगला टी20 विश्व कप ऑस्ट्रेलिया में ही खेला जाएगा और फिंच अपनी ही धरती पर खिताब बरकरार रखना चाहेंगे। इसके साथ ही वह 2023 के एकदिवसीय विश्व कप में भी टीम की कप्तानी चाहेंगे। फिंच ने हाल ही में टी 20 विश्व कप में अपने देश का नेतृत्व करने के लिए घुटने की सर्ज़री करायी थी। ऑस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों की कप्तानी के बार में उन्होंने चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली के साथ अनौपचारिक चर्चा की है। मैंने पिछले छह महीनों में इसके बारे में काफ़ी कुछ सोचा है और बेली से बात भी की है। अगले दो या तीन वर्षों में निश्चित रूप से एक बड़ी अवधि होने जा रही है, यह एक गहन बातचीत नहीं थी। हालांकि अगले कुछ महीनों में हम इसके बारे जरूर सोचेंगे फिंच का मानना है कि उप कप्तान पैट कमिंस ने इंग्लैंड से मिली हार के बाद टीम के नेतृत्व में काफ़ी मदद की।

### अमेरिका जाकर अभ्यास करेंगे नीरज

**नई दिल्ली** । ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अब अमेरिका जाकर अभ्यास करेंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने नीरज को अमेरिका जाकर अभ्यास करने की अनुमति दे दी है। उनके कोच क्लास बार्टोनिट्ज भी उनके साथ जाएंगे।इससे पहले नीरज ने अमेरिका में जाकर अभ्यास करने का एक प्रस्ताव साइ के सामने रखा था। वह अमेरिका में 90 दिन का अभ्यास करना चाहते थे। उनका यह प्रस्ताव भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने भेजा था जिसे तत्काल मंजूरी दे दी गयी अब वह रविवार को अमेरिका जा सकेंगे। इसके साथ ही टारगेट ओलंपिक योजना (टॉप्स) के तहत उनके अभ्यास के लिए 38 लाख रूपये के खर्चे को भी मंजूरी दी गयी है। वहीं इससे पहले वह अभ्यास के लिए दक्षिण अफ्रीका जाने वाले थे पर वहां कोविड-19 के नये वैरिएंट ओमीक्रोम के आने के बाद अभ्यास की योजना स्थगित कर दी गयी। नीरज का लक्ष्य अभी 2022 विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों की तैयारियां हैं।

### द्रविड़ की सलाह का मिला फायदा : मयंक

**मुंबई** । न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट में शानदार शतक लगाकर भारतीय टीम को संभालने वाले सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने अपनी पारी का श्रेय मुख्य कोच राहुल द्रविड से मिली सलाह को दिया है। मयंक ने कहा कि कोच ने उन्हें एकाग्रता बनाए रखने और अपने हाथ की चीजों को नियंत्रित रखने की सलाह दी थी जिससे उन्हें फायदा पहुंचा। मयंक ने दबाव के बीच ही 120 रनों की शानदार पारी खेलकर भारतीय टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इसके साथ ही उन्होंने इस टेस्ट से पहले महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर की बल्लेबाजी के वीडियो को देखकर अपने तरीके में थोड़ा बदलाव भी किया जिसका भी उन्हें फायदा मिला। मयंक ने कहा कि जब मुझे अंतिम एकादश में शामिल किया गया तो कोच द्रविड़ ने मुझसे बात की। उन्होंने मुझसे कहा कि जो मेरे हाथ में है उसे नियंत्रित करो और मैदान में उतर कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का प्रयास करो। मयंक ने कहा कि द्रविड़ ने मुझसे कहा था, जब आपको अच्छी शुरुआत मिल जाए तब उसे बड़ी पारी में बदलने का प्रयास करो और वही मैंने किया।

भारतीय टीम के दौरे पर संशय खत्मः बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने की टीम के दौरे की पुष्टि

# भारतीय टीम करेगी दक्षिण अफ्रीका का दौरा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पुष्टि कर ही है कि टीम इंडिया तय समय पर दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी। जय शाह ने शनिवार को कहा कि भारत इस दौरे पर 3 टेस्ट और इतने ही वनडे मैच खेलेगा। इस सीरीज में एक बड़ा बदलाव भी किया गया है। शाह ने कहा कि सीरीज में 4 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले जाने थे लेकिन इनके लिए अब बाद में तारीख तय की जाएगी।

जय शाह ने एएनआई से कहा, 'बीसीसीआई ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड से इस बात की पुष्टि की है कि भारतीय टीम 3 टेस्ट और 3 एकदिवसीय मैचों के लिए फिलहाल दौरा करेगी। शेष 4 टी20 मैच अभी नहीं खेले जाएंगे , जनके लिए तारीखों का ऐलान भी बाद में होगा। इस प्रस्तावित दौरे की बात करें तो 17 दिसंबर से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट मैच खेला जाना है। इसके बाद सेंचुरियन में दूसरा टेस्ट 26 दिसंबर से और तीसरा टेस्ट मैच अगले साल 3 जनवरी से केप टाउन में शुरू होगा। सीरीज का पहला वनडे 11 जनवरी, दूसरा वनडे 14 जनवरी और तीसरा वनडे 16 जनवरी को खेला जाएगा।

### ओमिक्रॉन वेरियंट के चलते टीम के दौरे पर जताया जा रहा था संदेह

दक्षिण अफ्रीका में कोविड-19 के नए वैरिएंट ओमिक्रान के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इसी के खतरे को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर संदेह जताया जा रहा था। दक्षिण अफ्रीका के गोतेंग प्रांत में इस वायरस से जुड़े कई मामले सामने आए हैं। इतना ही नहीं, काफी संख्या में लोग अस्पताल तक में भर्ती हैं और इसी प्रांत में भारत को 2 टेस्ट मैच खेलने हैं।

### यूरोपीय संघ के कई देशों ने दक्षिण अफ्रीका यात्रा पर लगा रखे हैं प्रतिबंध

नीदरलैंड की टीम ने हाल ही में सेंचुरियन में पहला मैच खेलने के बाद तीन एकदिवसीय मैचों के अपने दौरे को छोटा कर दिया था. यूरोपीय संघ के कई देशों ने दक्षिण अफ्रीका पर यात्रा प्रतिबंध लगा दिए हैं. भारत ए टीम, हालांकि, ब्लोमफोंटेन में अपने तीन 4 दिवसीय मैचों के लिए रुकी हुई है. सीरीज का दूसरा टेस्ट शुक्रवार को समाप्त हुआ और तीसरा अनधिकृत टेस्ट सोमवार से शुरू होने वाला है।

## 2022 टी-20 विश्व कप में इन खिलाड़ियों की हो सकती है वापसी

**मुम्बई** । अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को अवसर दे सकती है। इस बार दुबई में हुए टी20 विश्व में इन्हें शामिल नहीं किये जाने पर सवाल उठे थे हालांकि इन खिलाड़ियों का आईपीएल सहित श्रीलंका दौरे में भी अच्छा प्रदर्शन रहा था। ये खिलाड़ी हैं।

शिखर धवन- शिखर धवन आईसीसी टूर्नामेंट में अपने शानदार रिकॉर्ड के लिए जाने जाते हैं. हालांकि, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को टी20 विश्व कप 2021 के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी। कई प्रशंसकों का मानना है कि धवन ने जिस प्रकार से श्रीलंका में टीम का नेतृत्व किया था और इसके बाद आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। उसे देखते हुए उन्हें विश्व कप के लिए जगह मिलनी चाहिये थी। टी20 विश्व कप में भी भारतीय टीम की खराब शुरुआत के बाद धवन शामिल नहीं किये जाने पर सवाल उठे थे।

**युजवेंद्र चहलः** लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को आईसीसी टी 20 विश्व कप 2021 के लिए शामिल नहीं किया गया था जबकि टी20 में वह सबसे सफल गेंदबाज रहे हैं। इसके बाद भी चयनकर्ताओं ने उनकी जगह राहुल चाहर को लिया। जिसपर प्रशंसकों के साथ ही दिग्गज खिलाड़ियों ने भी सवाल उठाये। ऐसे में जिस प्रकार चहल की न्यूजीलैंड सीरीज के लिए वापसी हुई है उससे माना जा रहा है कि अगली बार उन्हें टीम में जगह मिलेगी।

**टी नटराजनः** टी नटराजन जैसे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की कमी विश्व कप में महसूस की गयी। ऐसे में गत वर्ष ऑस्ट्रेलिया में बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए नटराजन को भारतीय टी20 विश्व कप 2022 टीम में जगह मिल सकती है।

**श्रेयस अय्यरः** बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को इस बार टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए जगह नहीं मिली थी पर अगली बार उन्हें जगह मिलने की बेहद संभावना है। अय्यर एक अच्छे बल्लेबाज हैं और वह लंबी पारी खेलने में सक्षम है।

### सर्जरी के बाद से ही व्हीलचेयर पर हैं केर्न्स

**ऑकलैंड** । न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर क्रिस केर्न्स हाल में हुई दिल की सर्जरी के बाद से ही व्हीलचेयर पर हैं। केर्न्स का कहना है कि वह भाग्यशाली हैं जो अब तक जीवित हैं हालांकि वह नहीं जानते कि कभी चल पायेंगे या नहीं। 'स्पाइनल स्ट्रोक के कारण उनके कमर का निचला हिस्सा हालांकि लकवाग्रस्त हो गया है। तीन महीने पहले उनकी दिल की सर्जरी की गई जिसके बाद उन्हें कई और सर्जरी से गुजरना पड़ा जिससे उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। यह कीवी खिलाड़ी बीमारी के बाद से ही कैनबरा विश्वविद्यालय के अस्पताल में एक विशेष पुनर्वास सुविधा में स्वास्थ्य लाभ उठा रहा है। उन्होंने कहा, 'मुझे पता नहीं है कि मैं फिर से कभी चल पाउंगा या नहीं, मैंने इन हालातों से समझौता कर लिया है। उन्होंने कहा, 'अब यह समझने की जरूरत है कि मैं व्हीलचेयर की सहायता से एक पूर्ण और आनंदमय जीवन जी सकता हूं पर इसके साथ तालमेल बैठाना थोड़ा अलग होगा। अपने समय के शीर्ष ऑलराउंडरों में शामिल रहे केर्न्स ने न्यूजीलैंड के लिए 62 टेस्ट, 215 वनडे और दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, 'मेरी बीमारी को 14 सप्ताह हो चुके हैं और जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो ऐसा लगता है जैसे मैं पूरी जिंदगी से इस परेशानी को झेल रहा हूं।

## नस्लवाद और भेदभाव के खिलाफ अभियान में शामिल हों लोकप्रिय हस्तियां : होल्डिंग

**लंदन** । हाल के दिनों में जिस प्रकार इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट में नस्लवाद और भेदभाव के मामले सामने आये हैं। उसको लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अब वेस्टइंडीज़ के पूर्व क्रिकेटर माइकल होल्डिंग ने कहा है कि इस मामले में अधिक से अधिक क्रिकेटरों को सामने आकर भेदभाव का विरोध करना चाहिये। होल्डिंग ने साथ ही कहा कि लोकप्रिय और सम्मानित हस्तियां को भी रंगभेद और नस्लवाद को हटाने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करना चाहिये।।

होल्डिंग ने पूछा, अगर लोकप्रिय हस्तियों के पास एक मंच है और जो लोगों तक पहुंचने में सक्षम हैं, अगर वह कुछ नहीं करेंगे तो कौन करेगा? ऐसे खिलाड़ी हैं जो पूरी दुनिया में जाने-जाते हैं। अगर वे लोग इस प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने के लिए प्रयास करेंगे तो जरुरी सफलता मिलेगी क्योंकि उन्हें दुनिया भर के लोग सुनना चाहेंगे। इसी लिए एक मंच वाले लोग, एक नाम वाले लोग, दुनिया भर में पहचाने जाने वाले लोगों को उन चीजों के बारे में बात करने की ज़रूरत है जो उन्हें प्रभावित करती हैं और सही नहीं है।

समाज में बदलाव लाने के लिए होल्डिंग लगातार नस्लवाद सहित हर प्रकार के भेदभाव के खिलापफ आवाज उठाते रहे हैं। होल्डिंग ने एक किताब भी प्रकाशित की है जिसमें खेल में नस्लवाद के बारे में बताया गया है और इसमें कई हाई प्रोफाइल ब्लैक एथलीटों का योगदान है। उन्होंने कहा कि एथलीटों को खेल के मामलों में अपनी राय सीमित नहीं रखनी चाहिए। उन्होंर कहा, जब वे मैदान या बास्केटबॉल कोर्ट छोड़ते हैं, तो उन्हें सामान्य जीवन जीने के लिए समाज में वापस जाना पड़ता है। यदि वे समाज से प्रभावित होते हैं, तो उन्हें बोलना पड़ता है और अपने मंच का उपयोग करना पड़ता है।%

होल्डिंग ने यह भी कहा कि एक खतरा है कि हाल ही में काउंटी क्रिकेट में नस्लवाद के आरोपों को गंभीर नहीं माना गया, जबकि वह एक बड़ी सामाजिक समस्या है। होल्डिंग ने कहा, हम जानते हैं कि यह एक क्रिकेट समस्या है, क्योंकि यह अब क्रिकेट में हो रहा है। लेकिन इसे कम न समझें। केवल फुटबॉल या क्रिकेट में (नस्लवाद) की समस्या नहीं है। यह समाज की समस्या है और जिसे हमें ठीक करने की ज़रूरत है। इसके लिए हमें शुरुआत करने की ज़रूरत है।

## व्यापारन्यूज

### कोरोना नियमों के उल्लंघन पर एयरलाइंस को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली** । नई दिल्ली जिला प्रशासन ने कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप की संभावना को लेकर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए केंद्र के दिशानिर्देशों का कथित रूप से पालन नहीं करने पर अमेरिकन एयरलाइंस को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने बताया कि नई दिल्ली जिले के तहत आने वाले दिल्ली छावनी के उपमंडल मजिस्ट्रेट पीयूष अरूण रोहनकर ने नोटिस जारी किया। मीडिया के पास मौजूद नोटिस की प्रति के मुताबिक अमेरिकी एयरलाइन को नोटिस का जवाब देने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया है और जवाब देने में विफल रहने पर मामले को संबंधित कानून के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए उपयुक्त माना जाएगा। कंपनी की ओर से इस बारे में कोई तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

### टेक महिंद्रा ने अमेरिकी कंपनी खरीदी

**नई दिल्ली** । सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टेक महिंद्रा ने लगभग 466 करोड़ रुपए में एक्टिवस कनेक्ट की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है। टेक महिंद्रा ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। इसके मुताबिक घरों पर काम करने वाले उपभोक्ताओं को सेवाएं देने वाली अमेरिकी कंपनी एक्टिवस कनेक्ट के अधिग्रहण से टेक महिंद्रा को कार्यस्थल समाधान के क्षेत्र में मजबूती मिलेगी। वर्ष 2018 में गठित एक्टिवस कनेक्ट के करीब 1,750 कर्मचारी हैं और ?31 दिसंबर 2020 को समाप्त अमेरिकी वित्त वर्ष में उसका राजस्व 1.7 करोड़ डॉलर रहा था।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

**मुंबई** । देश भर में पेट्रोल की कीमतों में श ?निवार को कोई बलदलाव नहीं हुआ है। हालांकि दिल्ली सरकार ने पेट्रोल पर वैट कम किया जिससे दिल्ली में पेट्रोल की कीमतों में बड़ी कमी आई है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमतें 95.41 रुपए होती है। दो दिन पहले दिल्ली सरकार ने वैट घटाया था जिसके बाद से पेट्रोल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं दूसरी तरफ देश भर में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में पिछले एक महीने से कोई बदलाव नहीं हुआ है। 3 नवंबर को सरकार ने एक्साइज ड्यूटी घटाने का फैसला किया था जिसके बाद से ही वही रेट चला आ रहा है। दिल्ली में वैट घटाने के बाद पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपए प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमतें 109.98 रुपए प्रति लीटर है। पेट्रोल सबसे ज्यादा महंगा मुंबई में है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 104.67 रुपए प्रति लीटर और चेन्नई में 101.40 रुपए प्रति लीटर है।

# भारत ने यूनिकार्न की रेस में चीन को पछाड़ा

**नई दिल्ली** । इस साल भारत ने यूनिकॉर्न की रेस में चीन को पीछे छोड़ दिया है। साल 2021 में भारत में 33 यूनिकॉर्न बनी जबकि चीन में यूनिकॉर्न की संख्या सिर्फ 19 रही है। साल 2020 में भारत में 17 यूनिकॉर्न बने थे जबकि चीन में इनकी संख्या 16 रही थी। पिछले कुछ दिनों से डिजिटल और टेक कंपनियों पर चीन सरकार की बढ़ती सख्ती की वजह से ऐसा देखने में आ रहा है। साल 2019 में भारत में सिर्फ 8 यूनिकॉर्न बनी थी जबकि चीन में इनकी संख्या 31 थी। साल 2018 में तो भारत में सिर्फ 5 यूनिकॉर्न बने थे जबकि चीन में इनकी संख्या 33 थी। यूनिकॉर्न की करें तो भारत कई विकसित देशों से आगे निकल चुका है। चीन, ब्रिटेन और कनाडा की तुलना में भारत में वित्तीय वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही में यूनिकॉर्न की संख्या विकसित देशों को भी पार कर गई है। यूनिकॉर्न का मतलब ऐसे स्टार्टअप से है जिसका पूंजीकरण कम से कम एक अरब हो। चालू वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में भारत ने 10 यूनिकॉर्न जोड़े हैं। इस अवधि में चीन और हांगकांग में सात, अमेरिका और कनाडा में चार यूनिकॉर्न जुड़े हैं। इस हिसाब से संकेत मिलते हैं कि भारत में निवेश गतिविधियों में तेजी से वृद्धि हो रही है। सितंबर तिमाही में भारतीय स्टार्टअप्स ने 347 डील के जरिए करीब 11 अरब डॉलर का फंड जुटाया है। किसी भी तिमाही में भारतीय स्टार्टअप्स की तरफ से पहली बार 10 बिलियन डॉलर से ज्यादा फंड जुटाया गया है। कंपनी रिपोर्ट के मुताबिक साल 2021 की पहली तीन तिमाही में इंडियन स्टार्टअप्स ने 24 बिलियन डॉलर से ज्यादा का फंड इकट्ठा किया है। अमेरिका ने चालू ??वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में भारत से अधिक 68 यूनिकॉर्न बनाए हैं। चालू कैलेंडर वर्ष की तीसरी तिमाही में भारत के स्टार्टअप में करीब 11 अरब डालर का निवेश हुआ है और इससे संबंधित 347 डील हुई है। किसी एक तिमाही में भारत में स्टार्टअप में 10 अरब से अधिक का निवेश पहली बार आया है।

### भारत-संयुक्त अरब अमीरात के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर 6 से वार्ता

**नई दिल्ली** । वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के वरिष्ठ अधिकारियों की प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर इस सप्ताह यहां तीसरे दौर की बातचीत होगी। दोनों पक्षों का मकसद बैठक में बातचीत को निष्कर्ष पर पहुंचाना है। मुक्त व्यापार समझौते के तहत व्यापार भागीदार आयात-निर्यात से जुड़े ज्यादातर वस्तुओं पर सीमा शुल्क कम करते हैं या उसे समाप्त कर देते हैं। साथ ही वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ाने तथा निवेश को गति देने के लिए नियमों को उदार बनाते हैं। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार भारत-संयुक्त अरब अमीरात के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर तीसरे दौर की वार्ता 6-10 दिसंबर, 2021 को नई दिल्ली में होगी। दोनों पक्षों की बैठक में बातचीत को निष्कर्ष पर पहुंचाने का लक्ष्य है।

### मद्रास उच्च न्यायालय से एयर इंडिया विनिवेश पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह

नई दिल्ली । एयर इंडिया कर्मचारियों के एक संगठन ने मद्रास उच्च न्यायालय से गुहार लगाई कि कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखे बगैर इस एयरलाइन का विनिवेश करने से सरकार को रोका जाए। न्यायाधीश वी पार्तिबन ने इस पर याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत देते हुए कहा कि मद्रास के मीनांबकम में स्थित एयर इंडिया सोसाइटी से एयर कॉरपोरेशन एम्प्लाइज यूनियन के सदस्यों को न निकाला जाए। कर्मचारियों को आवास एयर इंडिया प्रबंधन ने उपलब्ध कराया हुआ है। कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष सी उदयशंकर की तरफ से दायर रिट याचिका को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने कहा कि इन सदस्यों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं पर भी अधिकारी रोक न लगाएं। कर्ज के भारी बोझ तले दबी एयर इंडिया का विनिवेश कर इसे टाटा समूह के हाथों में देने का फैसला सरकार कर चुकी है। इस याचिका में यह आग्रह किया गया है कि अदालत नागर विमानन मंत्रालय और एयर इंडिया प्रबंधन को विनिवेश प्रक्रिया में आगे बढ़ने से रोक लगाए।

## एलन मस्क की दौलत में 15 अरब डॉलर की कमी



**न्यूयॉर्क** । मुद्रास्फीति और आर्थिक तंगी की आशंका के बीच टेक्नोलाजी स्टाक्स में आई गिरावट की वजह से टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क की दौलत में 15 अरब डॉलर की कमी आई है। ब्लूमबर्ग बिलियेनियर इंडेक्स के मुताबिक टेस्ला इंक के शेयरों में घाटा बढ़ने से मस्क की कुल संपत्ति 15.2 अरब डॉलर कम हो गई।

अब वह 268.9 अरब डॉलर के मालिक हैं। ऐमजॉन के मालिक जेफ बेजोस की बात करें तो अमेजान डॉट काम इंक के शेयर न्यूयॉर्क में 1.4 फीसदी गिर गए। इसकी वजह से बेजोस की संपत्ति 2.7 अरब डॉलर घटकर 195 अरब डॉलर पर आ गई। दुनिया के तीसरे सबसे रईस बरनार्ड अरनॉल्ट की दौलत 1.22 अरब डॉलर घटकर 161 अरब डॉलर, माइक्रोसॉफ्ट को-फाउंडर बिल गेट्स की संपत्ति 1.39 अरब डॉलर घटकर 133 अरब डॉलर, लैरी पेज की संपत्ति 97.5 करोड़ डॉलर घटकर 126 अरब डॉलर, सर्जे ब्रिन की दौलत 91.1 करोड़ डॉलर घटकर 122 अरब डॉलर, स्टीव बॉलमेर की संपत्ति 2.16 अरब डॉलर घटकर 115 अरब डॉलर रह गई। फेसबुक को-फाउंडर मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति 1.3 अरब डॉलर घटकर 114.7 अरब डॉलर और आरेकल क्राप के कोफाउंडर लैरी एलिसन की दौलत 2.6 अरब डॉलर घटकर 107 अरब डॉलर रह गई। वहीं दुनिया के 10वें सबसे अमीर वॉरेन बफे की दौलत 34.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 102 अरब डॉलर पर पहुंच गई। ब्लूमबर्ग इंडेक्स के मुताबिक अमेरिका के शीर्ष 10 टेक्नोलॉजी अरबपतियों ने संयुक्त रूप से 27.4 अरब डॉलर की संपत्ति गंवाई। ब्लूमबर्ग बिलियेनियर इंडेक्स के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की दौलत 3.13 अरब डॉलर घटकर 90.6 अरब डॉलर पर आ गई है। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की दौलत को 53.5 करोड़ डॉलर का झटका लगा है और यह 77.2 अरब डॉलर पर आ गई है। मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर कारोबारी हैं, जबकि अडानी देश के दूसरे सबसे अमीर शख्स हैं।

**मूल्य वृद्धि का मुख्य कारण कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी है**

## मर्सिडीज़, ऑडी होंगी महंगी, मारुति सुजुकी भी है लाइन में

**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता कंपनी समेत लक्जरी कार बनाने वाली जर्मनी की कंपनियां मर्सिडीज़ बैंज इंडिया और आडी अगले वर्ष से अपने वाहनों की कीमतों में वृद्धि करेंगी। इस वृद्धि का मुख्य कारण कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी है। मारुति सुजुकी इंडिया ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि अलग-अलग मॉडल के लिए मूल्य वृद्धि अलग-अलग होगी। हालांकि उसने विस्तृत जानकारी नहीं दी। वहीं मर्सिडीज बेंज ने अपने वाहनों की कीमतों में दो प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा की है, जबकि ऑडी अपनी सभी गाड़ियों के दाम तीन प्रतिशत तक बढ़ाएगी। एमएलआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'पिछले एक साल में, कच्चे माल की लागतों में वृद्धि के कारण कंपनी के वाहनों की लागत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए, कंपनी के लिए मूल्य वृद्धि के माध्यम से उपरोक्त अतिरिक्त लागतों का कुछ भार ग्राहकों पर डालना अनिवार्य हो गया है।

कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले एक साल में इस्पात, एल्यूमीनियम, तांबा, प्लास्टिक और कीमती धातुओं जैसी आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होने से कंपनी को दाम बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।घरेलू वाहन विनिर्माता इस साल पहले ही वाहन की कीमतों में तीन बार बढ़ोतरी कर चुकी है। कंपनी ने जनवरी में 1.4 प्रतिशत, अप्रैल में 1.6 प्रतिशत और सितंबर में 1.9 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि की है। इस प्रकार, कंपनी ने कुल 4.9 प्रतिशत दाम बढ़ाये हैं। मर्सिडीज बेंज इंडिया ने कहा कि कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी को लेकर लागत की भरपाई के लिए केवल चुनिंदा मॉडलों की एक्स-शोरूम कीमत में एक जनवरी, 2021 से दो प्रतिशत तक की वृद्धि की जायेगी। वही ऑडी इंडिया ने कहा कि बढ़ते कच्चे माल और परिचालन लागत की भरपाई के लिए कीमतों में सुधार की आवश्यकता है। कंपनी अपने सभी मॉडलों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी।मारुति सुजुकी इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने यात्री एयरबैग लगाने के साथ लागत बढ़ने की वजह से अपनी ईको वैन के सभी नॉन-कार्गो संस्करणों की कीमतों में 8,000 रुपये की वृद्धि की है। कंपनी ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि कीमत में वृद्धि 30 नवंबर, 2021 से प्रभावी है।

# यूको बैंक मैनेजर के खिलाफ व्यापारियों ने खोला मार्चा

## आड़तियों ने की अनिश्चितकालीन अपनी आड़ते बंद





भिण्ड। दबोह कस्वे के यूको बैंक के मैनेजर के खिलाफ शनिवार को व आड़तियों ने मोर्चा खोल दिया है। जिसके चलते दबोह गल्ला व्यापारियो(आड़तियों)ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर सैकड़ो व्यापारीयो ने अपनी एकता दिखाते हुए यूको बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की साथ ही शाखा प्रबंधक को बर्खास्त करने की मांग की । तदोपरांत आड़तियों ने सामुहिक रूप से एक आवेदन आलमपुर मंडी सचिव को दिया। जिसमे उन्होंने यूको बैंक दबोह के शाखा प्रबन्धक द्वारा नोटिस जारी कराने व मानसिक रूप से प्रताड़ना के आरोप लगाने के एवज में अनिश्चितकालीन मंडी बन्द रखने की बात कही। मंडी आड़तियों ने कहा कि हम सब को बैंक मैनेजर के द्वारा हमारे खाते में से ही रुपये नही दिए जा रहे है। जिसके चलते हम सभी व्यवपारी किसानों का भुगतान नही कर पा रहे है। दबोह मंडी का किसान बहुत परेशान हो रहा है क्योंकि हम माल खरीदी तो कर रहे है परन्तु किसान को रुपये नही दे पा रहे हैं।व्यापारियो के द्वारा बताया गया कि बीते रोज बैंक मैनेजर के द्वारा हम सब व्यापारियो को बुलाकर झंडा दिवस के लिए ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये मांगे गए थे। यूको बैंक शाखा प्रबंधक महोदय के द्वारा कहा गया था कि भिंड कलेक्टर के मुझ से रुपये एकत्रित करने के लिए कहा गया है इसलिए आप सभी को इसमें सहयोग करना पड़ेगा।जब हम व्यापारियो के द्वारा इस बात से इंकार कर दिया गया तो बैंक मैनेजर के द्वारा हमे रुपये नही दिए गए एवं खाता बंद करने व मुकदमा दर्ज कराने की धमकी भी दी गयी। आड़तियों ने कहा कि आज हमारे पास किसानो को देने के लिए रुपये नही है तो फिर हम कैसे किसानों से अनाज खरीद सकते है। इसलिए आज हमने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए है जब तक हमारी इन समस्याओ का समाधान नही होगा तब तक हम प्रतिष्ठान नही खोलेंगे। यहां बता दे कि कुछ दिन पहले दबोह के व्यवपारी बैक से अपना रुपया निकालने गये थे पर उनका भुगतान नही किया गया था जिसपर बैक प्रबन्धक ओर व्यवपारियो के बीच मुहबाद भी हुआ था। वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सिंह गुर्जर ने मीडिया को बताया कि बीते रोज जब आड़तियों की समस्या को लेकर बैंक पहुचा ओर शाखा प्रबंधक महोदय से बात की तो वह उस बीच 11-11 हजार रुपये के चंदे की बात को लेकर बैठ गए साथ ही शाखा प्रबंधक ने कहा कि ज्यादा रुपये देने की हमारी लिमिट नही है अगर आप सभी रुपये मंगाना चाहते हो तो जो गाड़ी पैसे लेकर आती है उसका 6 हजार रुपये प्रति माह दो और अपने व्यक्ति उसमे भेजो।फिलहाल तो इतना कहना मुनासिब होगा कि व्यापारी और शाखा प्रबन्धक के बीच जमकर ठनी है।व्यापारियो की बात सुनने के बाद जब मीडिया यूको बैंक शाखा प्रबंधक से उनका पक्ष पूछने पहुंची तो शाखा प्रबंधक महोदय अनुपस्थित पाए गए जिसके चलते उनसे मीडिया का कोई सम्पर्क न हो पाया।

### मंडी बंद होने से दर-दर भटकने को मजबूर हुआ किसान

शनिवार को मंडी में खरीदी बन्द हो जाने से मंडी में खड़े किसान परेशान नजर आए।जब मीडिया के द्वारा किसानों से बात की गई तो किसानों ने बताया कि सुबह 11 बजे से कड़ी धूप में मंडी में खड़े है परंतु मंडी में बन्द होने की वजह से खरीदी नही हो पा रही है।अब समझ न आ रहा कि क्या करें।फिलहाल तो इतना कहेंगे कि एक ओर भाजपा सरकार किसानों के लिए बड़े बड़े वादे किये जा रही है और वहीं धरातल पर भाजपा के शासन काल मे किसानों को इस तरह की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### एक ही बैंक होने से वर्षो से यूको बैंक अधिकारियों की मनमानी का शिकार हो रहे व्यापारी व किसान

यहां बताना मुनासिब होगा कि हजारो की आबादी बाले क्षेत्र में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया बैंक नही है। बर्षो से नगर में यूको बैंक संचालित है जिसकी वजह से व्यापारियों व किसानों को आये दिन परेशानियो का सामना करना पड़ता है। क्यों कि एक ही बैंक होने की वजह से बैंक में काफी भीड़ रहती है और अक्सर पेमेंट न होने की समस्या से आस पास के गाँवो से आये किसानों को बैंक की लंबी लाइन में लगने के बाद मायूस होकर वापस घर जाना पड़ता है। नगर में एसबीआई बैंक स्थापित करने को लेकर पूर्व में भी व्यापारियो द्वारा अथक प्रयास किये गए परन्तु एसबीआई बैंक नगर में स्थापित न हो सकी। इसका एक मूल कारण यह भी है की नगर में अपनी खोखली राजनीति का ढिंढोरा पीटने वाले राजनैतिक दलों के नेताओ ने कभी भी नगर विकास पर ध्यान ही न दिया।

### इनका कहना है

1-अगर व्यापारियो की समस्या का समाधान नही होता है तो फिलहाल तो गल्ला मंडी में आड़तियों ने बन्दी की है परन्तु समाधान न होने की स्तिथि में पूरा बाजार भी जल्द बन्द किया जा सकता है।

**संजय सिंह गुर्जर**
**किसान कॉग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार मंडल अध्यक्ष दबोह**

2-मैं अपनी फसल लेकर आया था मुझे फसल बौने के लिए खाद बीज लेना है मुझे रुपये की शख्त जरूरत है और व्यापारी बोल रहे कि मेरे पास रुपये नही है मै फसल नही खरीद सकता।

**कल्याण सिंह कौरव किसान निवासी कुरथर**

3-हम पल्लेदारी करने के लिए पंडोखर से दबोह मंडी आते है हमारे लिए अत्यंत समस्या खड़ी हो गयी काम बंद पड़ा है हम रोज कमा कर रोज खाते है ऐसे में सेठ के पैसे नही तो वो हमें भी काम नही दे रहा।

**रामकुमार**
**पल्लेदार मजदूर निवासी पंडोखर**

# भिण्ड कलेक्टर बने युवाओं के प्रेरणा स्रोत



भिण्ड। पिछले दिनों भिण्ड कलेक्टर सतीश कुमार एस द्वारा शहर को गंदगी के अभिशाप से मुक्त कराने की पहल को लेकर स्वयं फावड़ा लेकर शहर में शुरू किए गए सफाई अभियान से प्रेरणा लेकर वाटर वर्क्स इलाके के युवाओं द्वारा मोहल्ले की मुख्य सड़क पर नर्सरी गेट के पास पसरी मिट्टी एवं गंदगी को दूर करने का सफाई अभियान चलाया गया शनिवार को शुरू किए गए इस सफाई अभियान में युवा वॉलिंटियर्स के रूप में आकाश बौहरे रमाकांत पुरोहित शिवम शर्मा अमन भदौरिया गौरव शुक्ला राहुल शर्मा नमो मिश्रा सूर्य प्रकाश बोहरे आदि युवाओं ने भाग लिया।गौरतलब है कि वाटर वर्क्स इलाके की मुख्य सडक पर टाटा कम्पनी द्वारा सडक खोदकर पानी की पाइप लाइन बिछाये जाने के बाद मिट्टी को वहीं पर छोड़ दिया गया था जिस कारण भारी गंदगी जमा हो जाने के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा था।

# ट्रॉला पलटा, हादसा टला



भिण्ड। शहर के वायपास पर शनिवार की सुबह एक हादसा होने से टल गया। यहां काली गिट्टी से भरे ट्रॉला के चालक को सुबह के समय नींद आ गई। इसी समय वाहन हाईवे के किनारे खाई में जाकर पलट गया। हालांकि हादसे के बाद चालक को मामूली चोट आई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सिटी कोतवाली क्षेत्र के हाथी गड्ढा के पास सुबह करीब चार बजे एक ट्रॉला गिट्टी से भरा हुआ लहार चुंगी से इटावा रोड की ओर जा रहा था। इसी दौरान हाथी गड्ढा के पास यह वाहन धीरे-धीरे वायपास के बगल में खाई में जा पलटा। शुक्र इस बात का है कि इस समय सड़क खाली थी। वरना ट्रॉला की चपेट में आकर कोई भी दुर्घटना का शिकार हो जाता है। इसके बाद हाईवे पर दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी। इस पर एफआइवी मौके पर पहुंचा, तब तक ट्रॉला चालक बाहर निकलकर चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वाहन चालक की झपकी आने की वजह से हादसा हुआ।

# 'राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2' द्वारा महाविद्यालय परिसर में पेड़-पौधों की छटाई की गई




भिण्ड । शासकीय एम.जे. एस.महाविद्यालय में 'राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2' द्वारा महाविद्यालय परिसर में पेड़-पौधों की छटाई की गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ आर ए शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने छटाई के उद्देश्य एवं तरीको से सभी स्वयंसेवको को अवगत कराया।

वनस्पति विभाग के प्रोपेसर डॉ. राजेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि अगर फल देने वाले पौधों में कटाई-छंटाई या कृन्तन का कार्य ना किया जाए, तो वह जंगली पौधों की तरह बढ़ने लगते हैं. उन पर कोई भी फल पैदा नहीं होता हैं। रा.से.यो. के सभी स्वयंसेवको ने मिलकर यह कार्य सम्पन किया। इस कार्य मे वरिष्ठ स्वयंसेवक सौरभ खंडेलवाल, अंशुल हरिओध, शिवम गजरोलिया,काजल भदौरिया, शिवानी राजावत, काजल चौहान, शीतल जैन रोहित कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, शिवानी राजपूत, अंशुल चौहान, गोपाल, विजय, सनी, के साथ अन्य स्वयंसेवक भी मौजूद रहे।

# दो बाइक की भिंडत में युवक घायल

भिण्ड। लहार थाना क्षेत्र के एसआर पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की जोरदार भिडंत हो गई, जिसमें एक बाइक चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए राहगीरों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी बाइक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम 4.05 बजे ऋतिक पुत्र राजकुमार गुप्ता निवासी वार्ड क्र.1 ने बताया वह क्षेत्र के एसआर पेट्रोल पंप के सामने से गुजर रहा था, इसी दौरान बाइक क्रमांक आरजे14एनजे1478 ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### वसंत मुनि का महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने किया स्वागत

**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरु.ः-** वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ सिद्धार्थ नगर के तत्वावधान में वसंत मुनि ने चतुर्मास पूर्ण कर पदयात्रा करते हुए आज बनूर से किरगावल होते हुए मलवल्लि पहुंचे द्य विहार सेवा का लाभ पर्यावरण जागृति वेदिके के अध्यक्ष व समाजसेवी डॉ.महेंद्र सिंह राजपुरोहित, राजेन्द्र सिंह राजपुरोहित, उमेश,दिलिप कुमार पारीक, अशोक जैन,लादू भाई जैन, लक्ष्मण सीरवी,अशोक जैन, सुनिल भाटी,रमेश जैन,हंसकुमार सुराणा, कुमार स्वामी आदि श्रद्धालुगणो लिया द्य मुनि ने सभी को मांगलिक सुनाई।



### पंचायत विकास संस्थान ने एटा पुस्तक मेले में किया निःशुल्क पुस्तक वितरण



**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**

एटा के जीआईसी मैदान में एटा पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में पंचायत विकास संस्थान के अध्यक्ष पंकज उपाध्याय एडवोकेट ने ÷पॉलीटिकल न्यूज÷ नामक पुस्तक का निशुल्क वितरण किया ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुस्तकें मानव के विकास में और उनके मस्तिष्क के विकास में सहायक हैं। जो लोग पुस्तक प्रेमी होते हैं वह लोग वास्तविक दूरगामी सोच रखते हैं। और सही समय पर सही निर्णय लेकर ही बात करते हैं। एटा में पुस्तक मेले का आयोजन इसी उद्देश्य को लेकर किया गया है ।जिसमें एटा से लेकर दिल्ली तक के प्रकाशक इस पुस्तक मेले में उपस्थित हुए हैं ।यह पुस्तक मेला पिछले 6 वर्षों से लगातार लगता चला रहा है ।इस अवसर पर पंचायत विकास संस्थान केअध्यक्ष पंकज उपाध्याय एडवोकेट, कोषाध्यक्ष श्रीमती सरिता एडवोकेट, विधि राज मूर्ति, पंचायत विकास संस्थान के जिलाध्यक्ष विकास मित्र, देवेश कुमार ,रणवीर सिंह, लवली आदि लोगों ने सहयोग किया।

### सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन विभाग मंत्री का भ्रमण कार्यक्रम आज और कल

भिण्ड । सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया 5 दिसम्बर एवं 6 दिसम्बर 2021 को दो दिवसीय प्रवास पर भिण्ड पधार रहे है। प्रवास के दौरान भिण्ड एवं अटेर क्षेत्र के ग्रामो में विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया 05 दिसम्बर 2021 को प्रातः8 बजे ग्वालियर से कार द्वारा प्रस्थान कर भिण्ड आएंगे। सहकारिता मंत्री प्रातः10 बजे जिला चिकित्सालय भिण्ड में विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसके उपरांत सहकारिता मंत्री प्रातः11.30 बजे ग्राम पंचायत रिदौली के ग्राम रमटा में श्री सिद्वबाबा वाली रोड का भूमिपूजन एवं विकास कार्यो का लोकार्पण करने के उपरांत अटेर में दोपहर 1 बजे दिव्यांगजनो को सहायक उपकरणों का वितरण कार्यक्रम, दोपहर 2 बजे अटेर महोत्सव के आयोजन के संबंध में बैठक लेगे। इसके उपरांत अपरान्ह 3 कजे ग्राम पंचायत कदौरा में विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करने के उपरांत रात्रि विश्राम भिण्ड में करेंगे। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया 6 दिसम्बर 2021 को प्रातः10.30 बजे ग्राम रानीविरगंवा जनपद अटेर में विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण ग्राम रानी विरगंवा में करेंगे।

### अतर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक सेवा दिवस आज

**राज्य आनंद संस्थान करेगा, समाजसेवियों का सम्मान'**

भिण्ड । आज अंतरराष्ट्रीय स्वैच्छिक सेवा दिवस के अवसर पर राज्य आनंद संस्थान जिला भिण्ड के द्वारा जिले में कोरोना टीके का दूसरा डोज लगवाने के लिए कॉल पर अपील करने बाले रासेयो के स्वयंसेवको, समाजसेवियों, रासेयो एवम एनसीसी के अधिकारियों का सम्मान होगा। इस कार्यक्रम में प्रातः10 बजे बतौर मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया, राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया के द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में होगा। साथ ही सम्मान समारोह के बाद स्वैच्छिक सेवा जागरूक रैली का भी आयोजन किया गया है।

# कलेक्टर ने शहरी क्षेत्र ग्राम रछेडी का भ्रमण कर देखी निर्माण कार्यों की प्रगति





भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने ग्राम रछेड़ी में बनाए गए कचरा डंपिंग स्टेशन पर निर्माणाधीन एमआरएफ प्लांट, एफएसटीपी प्लांट का निरीक्षण कर गुणवत्ता को देखा। उन्होंने निर्माणाधीन एमआरएफ, एफएसटीपी प्लांट में कचरे से खाद बनाने एवं कचरे को नष्ट करने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर ने आईटीआई के पीछे कचरा निस्तारण के लिए एमआरएफ प्लांट बनाने हेतु चिन्हित जगह का एवं ट्रांसफर स्टेशन को देखा साथ ही कंपोस्ट पिट एवं नाडेप टैंक के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ट्रांसफर स्टेशन पर एमआरएफ प्लांट को पूरी गुणवत्तापूर्वक एवं मानकों के अनुरूप यथाशीघ्र बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने निर्माणाधीन वाटर वर्क्स सीसी रोड़, कॉटनजीन सीसी रोड़ का निरीक्षण किया साथ ही निर्माण कार्य को यथाशीघ्र एवं गुणवत्तापूर्वक कराने निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान सीएमओ नगर पालिका सुरेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नासा की पहल

एस्टेरायड के हमलों से बचाने के लिए नासा ने अंतरिक्ष में मौजूद एक उल्कापिंड को अपने अंतरिक्ष यान से जोरदार टक्कर कराने के लिए फाल्कन राकेट को अंतरिक्ष में रवाना कर दिया है। यह इस तरह का पहला मिशन है। अगर इसमें सफलता मिलती है, तो भविष्य में उन विशाल उल्कापिंडों को धरती पर आने से रोका जा सकेगा, जो यहां जीवन के लिए खतरा बन सकते हैं। नासा के वैज्ञानिक यह देखना चाहते हैं कि डिमोफोर्स की गति और रास्ते को कितना बदला जा सकता है। हालांकि, डिमोफोर्स से पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। यह भविष्य में पृथ्वी की ओर आने वाले ऐसे खतरों से निपटने का तरीका सीखने का पहला प्रयास है, यानी कल को कोई ऐसा पिंड या मलबा धरती की ओर आया, तो उसे कैसे दूर रखा जा सकता है। 24 नवंबर, 2021 को फाल्कन 9 राकेट, डार्ट अंतरिक्ष यान को कैलिफोर्निया के वेंडेबर्ग स्पेस फोर्स बेस से अंतरिक्ष में रवाना कर दिया गया। उल्कापिंड, सौर मंडल के बचे हुए खंड हैं, जिनमें से अधिकांश से पृथ्वी के लिए कोई खतरा नहीं होता। लेकिन जब ऐसी कोई चट्टान सूर्य का चक्कर लगाते हुए पृथ्वी की ओर बढ़ती, तो टक्कर की आशंका हो सकती है। 32 करोड़ अमेरिकी डॉलर लागत का डार्ट मिशन, उल्कापिंड की जोड़ी को निशाना बनाएगा, जो इस वक्त एक-दूसरे की परिक्रमा कर रहे हैं। ऐसी परिक्रमा को बाइनरी कहा जाता है। इन दोनों में से बड़े उल्कापिंड का नाम है डिडिमोस, जो करीब 780 मीटर में फैला है। डिमोफोर्स करीब 160 मीटर चौड़ा है। पिछले कई सालों से बेन्नू नाम के एक उल्कापिंड की चर्चा दुनिया भर में हो रही है। कहा जा रहा है कि आने वाले सालों में यह पृथ्वी से टकरा सकता है। आखिर कब पृथ्वी से इसकी टक्कर होगी, इसको लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। लेकिन अब नासा ने सारी अटकलों पर विराम लगा दिया है। नासा के मुताबिक बेन्नू के धरती से टकराने की आशंका बहुत कम है। अगर ऐसा हुआ तो इसकी टक्कर 24 सितंबर, 2182 को हो सकती है। बेन्नू की पृथ्वी से टकराने की आशंका पहले से ज्यादा है, लेकिन वैज्ञानिक इसको लेकर चिंतित नहीं हैं। गौरतलब कि नासा पहले बेन्नू को लेकर काफी चिंतित था, लिहाजा उसने इस एस्टरायड पर अंतरिक्ष यान भेजा। ओसिरिस आरइएक्स के इस अंतरिक्ष यान को 2018 में भेजा गया। 2020 के अंत में उल्कापिंड की सतह पर यह सफलतापूर्वक उतरने में कामयाब रहा। इसके बाद इस यान ने नमूने भेजने शुरू किए। अंतरिक्ष यान ने बताया कि बेन्नू एक बहुत ही डार्क और प्राचीन उल्कापिंड है। नासा के एक बयान में कहा गया है कि बेन्नू की सतह से नमूने जमा कर अंतरिक्ष यान ने भेजा है, जिससे बेहतर भविष्यवाणी करने के लिए सटीक आंकड़ा मिल रहा है। करीब साढ़े चार अरब साल पहले जब हमारा सौर मंडल बना था, तब गैस और धूल के ऐसे बादल, जो किसी ग्रह का आकार नहीं ले पाए और पीछे छूट गए, वही इन चट्टानों यानी उल्कापिंडों में तब्दील हो गए। यही वजह है कि इनका आकार भी ग्रहों की तरह गोल नहीं होता। ब्रह्मांड में कई ऐसे उल्कापिंड हैं, जिनकी परिधि सैकड़ों मील की होती है और ज्यादातर किसी छोटे से पत्थर के बराबर होते हैं। ग्रहों के साथ ही पैदा होने के कारण इन्हें अध्ययन करके ब्रह्मांड, सौर मंडल और ग्रहों की उत्पत्ति से जुड़े सवालों के जवाब खोजे जा सकते हैं। अगर किसी तेज रफ्तार चट्टान के धरती से करीब 46 लाख मील से करीब आने की संभावना होती है, तो उसे अंतरिक्ष संगठन खतरनाक मानते हैं। नासा का सेनटरी सिस्टम ऐसे खतरों पर पहले से ही नजर रखता है। इस प्रणाली के मुताबिक जिस उल्कापिंड से धरती को वाकई खतरे की आशंका है, वह अभी 850 साल दूर है।

# उत्तर भारत में धुंध और प्रदूषण, सूरज की रोशनी भी कम हो गई

**विजय कुमार जैन**

प्रदूषण भारत में गंभीर समस्या बन गयी है। देश में स्वच्छ भारत अभियान नगर नगर में जोर शोर से चलाया जा रहा है। यह सही है कि देशव्यापी स्वच्छता अभियान से गंदगी, प्रदूषण कम हुआ है तथा आम व्यक्ति के मन में पर्यावरण की रक्षा की भावना जागृत हुई है। इतने व्यापक प्रयास के बाद भी प्रदूषण देश में गंभीर समस्या है।आज मानव निर्मित ऐसी समस्या का उल्लेख कर रहे हैं जिससे निरंतर प्रदूषण बढ़ रहा है। उत्तर भारत में हर वर्ष अक्टूबर माह से ही घने कोहरे या धुंध का भारी संकट आ आता है। कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित हो जाता है। यह समस्या और अधिक बिकराल रूप लेती जा रही है। हर वर्ष नवंबर माह आते ही हवा में धुएं के मिश्रण से घना कोहरा छाने लगता है। धुंध व कोहरे से सबसे ज्यादा चिंता देश की राजधानी दिल्ली वासियों को हो रही है। दिल्ली के साथ हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, विहार, झारखंड और मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में यह समस्या विकराल रूप ले रही है। धुंध अथवा कोहरा आज उत्तर भारत के साथ सटे राज्यों में गंभीर समस्या बन गई है। वर्तमान में सारी दुनिया कोराना महामारी से जूझ रही है। ऐसे में धुंध और कोहरे से भी आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। नवंबर एवं दिसंबर में हर वर्ष भीषण रेल एवं सड़क दुर्घटना होती है। रेल एवं सड़क मार्ग पर जाम लगने से जनजीवन प्रभावित होता है। श्वांस के रोगी तो परेशान हैं ही आम आदमी जिसे स्वच्छ हवा व पानी मिलना चाहिए वह मिलना मुश्किल हो गया है। यह प्राकृतिक आपदा न होकर मानव निर्मित जटिल समस्या बन गई है। धुंध और कोहरे के कारणों का पता लगाया गया। आरंभ में यह अनुमान लगाया गया कि शहरी प्रदूषण से कोहरे का संबंध है। जब दिल्ली के वाहनों में डीजल के स्थान पर सी एन जी का उपयोग होने लगा तो विचारणीय प्रश्न उत्पन्न हो गया धुंध और घने कोहरे का आखिर कारण क्या है।

देश के प्रमुख कृषि उत्पादक प्रदेश पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा धान की पैदावार वहुतायत से की जाती है। फसल निकलने के बाद किसानों द्वारा धान की फसल का पुआल या पराली खेत में ही जलाया जाता है। पराली को खेत में जलाने पर प्रतिबंध है। फिर भी यह कार्य जोरशोर से चल रहा है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय में विगत 6 वर्ष पूर्व दिये आवेदन पत्र में जानकारी दी गई थी कि प्रति वर्ष किसानों द्वारा अपने खेतों में 50 करोड़ टन पुआल, पराली और भूसा जलाया जाता है। आज अनुमान लगाये तो यह आंकड़ा और बढ़ गया होगा। पिछले दिनों किसानों द्वारा संसद का घेराव करने की घोषणा के बाद भारत सरकार के कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने घोषणा कर दी कि पराली जलाने बाले किसानों पर मुकदमा दर्ज नहीं होगा।

अकेले पंजाब में ही किसान जिस तरह पराली जला रहे हैं वह चिन्तनीय पहलु है। विशेषज्ञों का कहना है पंजाब में जो पराली जलाई जा रही है उसी का धुआं एन सी आर दिल्ली सहित आसपास के प्रदेश हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के आसमान पर छाया हुआ है। पराली जलाने से होने बाला प्रदूषण सूरज की किरणों को धरती पर पहुंचने नहीं दे रहा है इसका असर यह हुआ है धूप की अवधि कम होती जा रही है पंजाब में पिछले 48 वर्ष में धूप की अवधि 1 घंटा 6 मिनट कम हो चुकी है वायुमंडल में नमी व प्रदूषण बढ़ने के कारण जो परत जम रही है वह धरती को धूप से वंचित कर रही है। यह निष्कर्ष पंजाब कृषि विश्वविद्यालय की जलवायु परिवर्तन एवं कृषि मौसम विज्ञान विभाग की ओर से किए गए एक अध्ययन का है। अध्ययन में सामने आया है कि खरीफ सीजन में धान की पैदावार के दौरान वातावरण में नमी काफी अधिक रहती है। धान की



पराली के धुएं और नमी के मिश्रण से बनने वाला स्माग धरती पर सूर्य की रोशनी को ठीक से पहुंचने नहीं दे रहा। सूर्योदय व सूर्यास्त के समय में कोई अंतर ना आने के बावजूद डूब की अवधि में कमी आई है। खरीफ के सीजन में पहले औसतन 9ः30 घंटे धूप फिलती थी, जो अब 8 घंटे 40 मिनट हो गई है यह अध्ययन सन 1970 से 2018 तक का है ।लुधियाना के दयानंद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ऑर्थोपेडिक्स विभाग के प्रमुख डॉ हरपाल सिंह सहेली ने बताया कि कम धूप का सबसे ज्यादा असर हड्डियों पर पड़ेगा। फेफड़ों के कैंसर जैसे रोग बढ़ेंगे प्रदूषण से होने वाली बीमारियां भी बढ़ेगी हड्डियों व मांसपेशियों को मजबूत रखने के लिए जरूरी विटामिन डी सूरज के प्रकाश से मिलता है।त्वचा पर इसका खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। वही कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक का कहना है फसल को जरूरत से कम समय के लिए धूप मिलने से पैदावार पर असर हो सकता है मेरे अभिन्न मित्र कृषि विशेषज्ञ राघवेन्द्र भूषण सिंह परिहार ने चर्चा के दौरान जानकारी दी है पंजाब में लगभग 28 लाख हेक्टेयर जमीन पर धान और गेहूं की कृषि होती है। यह सर्वविदित है धान की 80 -90 प्रतिशत पराली और गेहूं का 15 से 25 प्रतिशत भूसा किसान वेहिचक खेत में ही जला देता है। पंजाब के किसानों की तरह अब हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों के किसान अपना भूसा एवं पराली खेत में ही जला देता हैं। कृषि विशेषज्ञ परिहार बताते है कृषक लगभग 2 करोड़ टन पुआल या पराली एक सप्ताह में जला देते है। पुआल जलाने से 12 मेगावाट कार्बन डाई आक्साइड पैदा होने का अनुमान है। इससे लगभग 1.5 लाख टन पोषक तत्व नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम नष्ट हो जाते हैं। इन पोषक तत्वों को पुनः प्राप्त कर कृषि भूमि की उर्वरक शक्ति बढ़ाने लगभग 150 करोड़ के रासायनिक उर्वरक फिर से डालने पड़ते है। पुआल जलाने एवं पुनः खेत में उर्वरक डालने की प्रक्रिया से मानव जीवन पर जो प्रतिकूल असर पड़ रहा है, उसका अनुमान लगाकर ही चिन्तित हो रहे हैं। मानव शरीर और धरती पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है यह गंभीर समस्या है। नरवाई या पराली की समस्या का एक बेहतर समाधान सामने आया है। पराली, गेहूं व सोयाबीन के भूसे से अब प्लाई बनायी जा सकेगी।इसे बनाने में कच्चे माल के तौर पर पराली, भूसा या अन्य कृषि अपशिष्ट का 70 प्रतिशत हिस्सा और 30 फीसद पाँलीमर ( रासायनिक पदार्थ) मिलाया जायेगा। भोपाल स्थित काउंसिल आँफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआईआर)- एम्प्री (एडवांस मटेरियल्स एंड प्रोसेस रिसर्च) के डायरेक्टर डाँ अवनीश श्रीवास्तव ने दिनांक 16अक्टूबर 20 को एक वेबिनार में बताया तीन वर्ष के प्रयास के बाद यह तकनीक विकसित की गई है। इस तकनीक के जरिये उत्पादन शुरू करने का लायसेंस भिलाई छत्तीसगढ़ की एक कंपनी को दिया है। धान का पुआल एवं गेहूं का भूसा कृषक जलाकर नष्ट कर रहे हैं। इनसे अनेक वायो प्रोडक्ट बनते हैं।

इनसे उच्च कोटि का कागज बनता है। आज नुकसान एवं प्राकृतिक आपदा की चिन्ता न कर कृषक जो कार्य कर रहे हैं। वह कार्य उचित नहीं है।

## अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक सा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है। कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है। प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम् पर ऊर्ध्व र लगे, ऐसा प्रयत्न करना है। तब साधना सफल हो जाती है।

# अवगुण की संगति से घटती गुण महिमा

**दिनेश चमोला 'शैलेश'**

जीवन के विकास तथा व्यक्तित्व के निर्माण में परिवेश एवं सामाजिक स्थितियों की महती भूमिका होती है। जिस परिवेश में मनुष्य बचपन से जीवनयापन करता चलता है, संस्कारों से, उस उर्वरा भूमि से ही वह जहां कुछ न कुछ सीखता है, वहीं सक्षम होने पर कुछ न कुछ नैसर्गिक रूप से उसे गुणात्मक रूप में लौटाता भी रहता है।

यह दुर्लभ जीवन, जहां क्षण-क्षण सहेज कर इसे नाना प्रकार के गुणात्मक पुष्पों से अलंकृत कर सजाता-संवारता रहता है, उसके समानांतर ही द्वेष का दैत्य इसके महत्व व वैभव को भंजित करने की घात लगाए बैठा रहता है। संगति अथवा कुसंगति का प्रभाव, मानवीय चरित्र के विकास व ह्रास की दिशा व दशा को सुधारने अथवा बिगाड़ने में पूर्ण रूप से सहायक होता है। संगति की किसी भी मनुष्य के जीवन-विकास अथवा जीवन-लक्ष्य निर्धारण में अपूर्व भूमिका होती है। जिस तरह की संगति में हम रहते हैं, वैसी ही गुणात्मकता अथवा निकृष्टता नैसर्गिक रूप से हमारे चरित्र को आच्छादित कर देती है और धीरे-धीरे हम उसके समकक्ष अथवा उसी श्रृंखला में अग्रिम स्थिति में आने या लक्ष्य पाने को उत्प्रेरित अथवा बाध्य हो जाते हैं। एक अवगुण, सौ गुणों के महत्व को भी धूल-धूसरित करने में देर नहीं लगाता। कलियुग में गुणात्मकता, पुण्य, सत्य व आदर्श का प्रसार जितनी धीमी गति से होता है, उसकी अपेक्षा असत्य, पाप, अवगुण व नकारात्मकता का प्रभुत्व, प्रभाव व प्रसार तीव्रतर गति से होता है। सत्य को सत्य सिद्ध करने के लिए एकमात्र सत्य ही होता है, जबकि एक असत्य, सत्य को असत्य सिद्ध करने के लिए सैकड़ों सत्यों की सप्रमाण रचना कर देता है। यह बात दीगर है कि अंततः सत्यमेव जयते यानी सत्य ही विजयी होता है। लेकिन यह अवश्य है कि अवगुण की संगति करने पर महिमा गुण की घटती है। संसार में अपात्र, अयोग्य व दुर्जन का संग करने से किसको हानि नहीं हुई है? कुसंगति के प्रभाव से जहां गुणात्मकता कलुषित होती है, वहीं असत्य व अवगुणों को सीना फुलाकर अन्यान्य मार्गों में आगे बढ़ने के अवसर मिल जाते हैं। इससे सत्य जहां कु-परिभाषित होकर झूठ के कठघरे में खड़े हो जाने के लिए बाध्य हो जाता है, वहीं असत्य एवं अवगुण को गरिमा, महत्व एवं उपादेयता की हांडी हाथ लग जाती है। जिस अनुपात में सज्जन के सत्संग से दुर्जन की गुणात्मकता का ग्राफ ऊपर की ओर बढ़ता है, उसी अनुपात में दुर्जन की संगति से सज्जन का चरित्र, व्यक्तित्व एवं गुणवत्ता क्रमशः कलंकित होती चली जाती है। कुसंगति, उस जोक की तरह है जो उनकी गुणात्मकता के लहू को सोख कर ही दम लेती है। ईश्वर, जीव के चरित्र, कर्म, चिंतन व संस्कारों के हिसाब से ही उसकी कोटि का निर्धारण करते हैं। यद्यपि हंस व कौआ दोनों जीव ही हैं किंतु विगत कर्मों की सकारात्मकता व नकारात्मकता ही उनके व्यक्तित्व को चारित्रिक दृष्टि से अलग-अलग रूप में परिभाषित करती है। दुर्जन व्यक्ति के चित्त का परिष्करण संभव नहीं है। किंतु सज्जन व्यक्ति सदैव चित्त व चिंतन की शुद्धि में विश्वास कर स्वयं को परिमार्जित व परिशुद्ध करता रहता है। कबीरदास कहते हैं :-

**दाग जो लागा नील का, सौ मन साबुन धोय।**
**कोटि जतन पर बोधिये, काग हंस न होय॥**

पापी, पाप करने के लिए अभिशप्त है; दुष्ट, दुष्टता के लिए और कृतघ्न, कृतघ्नता के लिए। इसलिए किसी की प्रकृति और प्रवृत्ति को, बिना उसकी जिज्ञासा, इच्छा व मनोवृत्ति के बदल पाना नितांत कठिन है। जीवन की दुर्लभता व समय की उपादेयता का लाभ उठाते हुए कुसंगति के दंश से सदैव बचना चाहिए क्योंकि नीच व्यक्ति का नीच कर्म से बाज आना संभव नहीं होता। कुसंगति के दुष्प्रभाव से किसका विनाश नहीं होता? नीचता ग्रहण करने से बौद्धिक चातुर्य समाप्त हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदास लिखते हैं :-

**को न कुसंगति पाय नसाई।**
**रहै न नीच मते चतुराई॥**

संस्कारों की दृढ़ता, व्यक्तित्व को अधिक निर्भय बनाती है। जितना जिसके सद्चिंतन एवं सत्कर्म में दम होगा, उतना ही उसका प्रभुत्व अपने पास-परिवेश पर अधिक होगा। फिर कुसंगति का दैत्य उसका बाल-बांका भी नहीं कर सकेगा। यही तो कवि रहीम भी कहते हैं :-

**जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।**
**चंदन विष व्यापत नहीं, लपटे रहत भुजंग॥**

# कुसुमलता गोयल ,एक ममतामयी मां का जाना!

### सूडोकू नवताल- 5912

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -5911 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

जीवन के आखिरी दिनों में शारिरीक रुग्णता के कारण असहाय रही कुसुमलता गोयल ने जीवटता कभी नही छोड़ी।रुग्णता के दौर में जब वे बेसुध पड़ी रहती थी तब भी,मेरे आने की आहट सुनते ही न जाने कहा से उनमे चेतना और स्फूर्ति आ जाती ।वे उठकर बैठ जाती।फिर शिकायत भरे लहजे में कहती,भाई !कहां है तू,लगता है हमें भूल गया?या फिर मेरे मरने पर ही आएगा।लेकिन जैसे ही मैं उन्हें कहता,चाची जी,क्यो ऐसा कहती हो,आप कही नही जाने वाली,मैंने ऊपरवाले से आपका स्टे लिया हुआ है।इतना सुनते ही ,वे खिलखिला कर हंसने लगती थी।फिर कहती भाई तू ,आता रहा कर,बहु व बच्चों को भी लेकर आना,बहुत मन करता है ,उन्हें देखने का।यह आत्मीय लगाव ही मुझे बार बार उनसे मिलने को लालायित करता था।मेरा उनसे मात्र कुछ वर्षो का सम्बंध नही था ।बल्कि लगभग 35 वर्षो से मुझे उनका सानीदय, स्नेह, आशीर्वाद, पालना निरंतर मिलता रहा ।सहारनपुर के प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ जयगोपाल के माध्यम से मुझे ग्रामीण जनता से जुड़ने और पत्र के सम्पादक डॉ एनआर गोयल की छत्रछाया में रहने का सौभाग्य मिला।ग्रामीण जनता के लिए पहले कई वर्षों तक नारसन क्षेत्र से प्रतिनिधित्व किया और फिर रुड़की में ग्रामीण जनता के समाचार सम्पादक के रूप में कार्य किया।जिसके लिए मेरी नियमित सिटिंग ग्रामीण जनता कार्यालय में होने लगी।सात आठ साल तक चले



इस सेवा कार्य के दौरान प्रायः हर रोज़ चाची जी के हाथ की बनी चाय पीने को मिलती।वे मुझे हमेशा खाना खाने के लिए कहती और मना करने पर नाराज़ भी हो जाती थी।सचमुच अन्नपूर्णा थी हमारी कुसुमलता गोयल चाची जी।जहां डॉ एनआर गोयल जी मुझकर बेहद विश्वास करते थे,वही चाची जी का मेरे प्रति विश्वास कम नही था।

तभी तो उन्होंने उस दौर में जब मेरी वकालत शुरू ही हुई थी और आमदनी बहुत कम थी,मुझे आर्थिक मजबूती देने के लिए डॉ एनआर गोयल जिन्हें हमेशा मैंने चाचाजी सम्बोधन के साथ अपना गुरु माना से ग्रामीण जनता द्वारा जो मानदेय मिलता था,उसका चैक हमेशा बिना धनराशि अंकित किए ही मुझे मिलता था,गोयल साहब ,हमेशा चैक देते हुए कहते थे,बेटा ,जितने पैसों की जरूरत हो ,उतने भर लेना, ग्रामीण जनता की प्रोपराइटर होने के नाते चैक पर हस्ताक्षर चाची जी कुसुमलता गोयल के होते थे,यह बात दीगर है कि मैंने चैक में पांच सौ रुपये से अधिक की राशि कभी नही भरी,क्योंकि मुझे उस समय उतनी ही राशि मानदेय के रूप में उचित लगती थी।ग्रामीण जनता वालो के यहां रामायण का पाठ वर्षो तक निर्बाध होता रहा।उस घर मे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हेमवतीनंदन बहुगुणा से लेकर मुख्य सचिव तक आए, उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मंत्री चौधरी यशपाल सिंह का तो ग्रामीण जनता दूसरा घर था।वही पंजाब के गर्वनर वीरेंद्र वर्मा भी ग्रामीण जनता और पत्र के प्रधान सम्पादक डॉ एनआर गोयल के मुरीद थे।विधान परिषद सदस्य रहे स्वाधीनता सेनानी डॉ जयगोपाल, पंडित ताराचंद वत्स जो मेरे मामा जी थे,भी गोयल साहब को बहुत मानते थे।इस घर मे नवभारत टाइम्स के सम्पादक राजेंद्र माथुर ,कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर जैसी बड़ी हस्तियां समय समय पर आती रही,जिनकी सेवा भाव के लिए कुसुमलता गोयल हमेशा तत्पर रही।उनकी रसोई में बने पकवानों की तारीफ़ हर कोई करता था।हरिद्वार के तत्कालीन जिलाधिकारी भगत सिंह वर्मा तो प्रायः हर सप्ताह ही ग्रामीण जनता के कार्यालय आ जाते थे।उन्होंने गोयल साहब को एक कार भी भेंट करने की कोशिश की,ताकि स्कूटर से उन्हें आना जाना न पड़े,लेकिन गोयल साहब ने विन्रमता से उनका आग्रह अस्वीकार कर दिया।कुसुमलता गोयल ने कभी गोयल साहब को ऐसे धन के लिए नही कहा,जो अनुचित हो।वे जब कभी पैसों की तंगी हुई तब भी खुश रहती थी और कम खर्च में अच्छा गुजारा करना उन्हें अच्छे से आता था।

## कानून वापसी के बाद

आखिरकार देश के राजनीतिक व सामाजिक जीवन में भूचाल लाने वाले तीन कृषि सुधार कानूनों की वापसी पर संसद ने वैधानिक मोहर लगा दी। कृषि मंत्री द्वारा संसद के दोनों सदनों में रखे गये कृषि विधि निरसन विधेयक 2021 ध्वनि मत से पारित हुए। हालांकि विपक्ष कानूनों की वापसी पर चर्चा की मांग पर अड़ा रहा और एमएसपी आदि मुद्दों पर बहस करने के मूड में था। दरअसल, गुरु पर्व पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय संबोधन में इन कृषि कानूनों को रद्द करने का ऐलान किया था तथा संसद के शीतकालीन सत्र में वापसी की वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने की बात कही थी। उम्मीद करें कि अब सरकार की पहल के बाद किसान लचीला रुख दिखाते हुए आंदोलन वापसी पर गंभीरता से विचार करेंगे। हालांकि, किसान नेता राकेश टिकैत ने एमएसपी को लेकर आंदोलन जारी रखने की बात कही है। यद्यपि पिछले दिनों आंदोलनकारी किसानों ने आंदोलन की सालगिरह पर संसद तक ट्रैक्टर रैली निकालने के आह्वान को वापस लेकर सार्थक पहल की थी, लेकिन इस दिशा में गंभीर पहल जरूरी है। वहीं दूसरी ओर कृषि मंत्री कह चुके हैं कि एमएसपी के मुद्दे पर एक कमेटी बनाने का आश्वासन प्रधानमंत्री ने दिया है, जिसमें विशेषज्ञों के साथ किसान प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। यह अच्छी बात है क्योंकि अब तक कयास लगाये जा रहे थे कि सरकार एमएसपी के मुद्दे पर टालमटोल करेगी, लेकिन अब सरकार इस पर भी बात करने को तैयार है। उम्मीद है, किसानों के रुख में भी बदलाव आयेगा। इस टकराव के चलते देश ने भी बड़ी कीमत चुकाई है और दिल्ली के प्रमुख रास्ते बंद होने से जहां यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है, वहीं टोल बैरियर बाधित किये जाने से सरकार को रोज करोड़ों रुपये की चपत लगी है। वहीं बड़ी संख्या में किसानों को आंदोलन के दौरान हमने खोया है। निस्संदेह, लंबे समय से एमएसपी से जुड़ी व्यावहारिक दिक्कतों को दूर करने की मांग उठती रही है। इस मुद्दे पर स्वामीनाथन समिति की सिफारिशों का भी उल्लेख होता है, जिनका क्रियान्वयन नहीं हो सका। व्यावहारिक दिक्कत यह है कि एमएसपी का लाभ चंद राज्यों में किसानों को ही मिल पाता है। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा तो जरूर करती है लेकिन व्यापारी एमएसपी पर फसल नहीं खरीदते। भंडारण क्षमता न होने और सिर पर चढ़े कर्जे के चलते किसान को फसल तैयार होने पर तुरंत औने-पौने दामों पर ही उपज बेचनी पड़ती है। ऐसे में एमएसपी सिस्टम को व्यावहारिक, पारदर्शी व लाभकारी बनाने की जरूरत है।

# लोगों ने सुख-समृद्धि व शांति के लिए भगवान श्री शनिदेव के दर्शन कर की प्रार्थना



■ शनिचरी अमावस्या पर शनिधाम पहुंचे लाखों की संख्या में श्रद्धालु

■ शनि मेला प्रशासन द्वारा किये बेहतर प्रबंध, पूरा मेला सीसीटीव्ही कैमरे की निगरानी में रहा व चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की नजर

**मुरैना।** शनिचरी अमावस्या पर 4 दिसम्बर शनिवार को मुरैना जिले के ऐंती ग्राम में स्थित प्राचीन शनिधाम मंदिर पर विशाल मेला का आयोजन सम्पन्न हुआ। मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति के लिए भगवान श्री शनिदेव के दर्शन किये और प्रार्थना की। शनिचरी अमावस्या के आरंभ होते ही पूर्ण वैदिक मंत्रोंच्चार के बाद विद्वान आचार्य द्वारा भगवान शनिदेव का अभिषेक कराया। बीती रात भव्य श्रृंगार के बाद गर्भग्रह के द्वार दर्शनार्थियों के लिये खोल दिये थे। मुरैना के ऐंती पर्वत पर भगवान शनिदेव का त्रैतायुगीन मंदिर हैं। यहां भगवान शनिदेव का तेलाभिषेक कर श्रद्धालू रात से ही दर्शन लाभ ले रहे है। प्रशासन, पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सुरक्षा के लिये व्यापक प्रबंध किये गये है। ऐंती पर्वत पर अनवरत प्रवाहित हो रही, जल गंगा में स्नान के बाद श्रद्धालू भगवान शनिदेव को काली वस्तुओं, कपड़े, जूतों, बाल का दान करते रहे। प्रशासन द्वारा महिला-पुरूषों के लिये पृथक-पृथक स्नानागार तैयार कराये गये। वहीं नाई जोन, कपडा एवं जूता जोन भी अलग-अलग बनाये गये। देशभर के श्रद्धालुओं द्वारा भण्डारे आयोजित किये गये। भगवान शनिदेव की कृपा पाने के लिये शनिचरी अमावस्या को अति विशिष्ट व्यक्तियों का आगमन दिनभर होता रहा। पुलिस द्वारा सात सैंकडा से अधिक का पुलिस बल लगाया गया। वहीं एक हजार से अधिक कलेक्टर ने अधिकारियों, कर्मचारियों को तैनात किया।

जिला प्रशासन द्वारा की गई माकूल व्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालुओं को दर्शन करने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। कलेक्टर बी. कार्तिकेयन के निर्देशन में पुलिस व राजस्व विभाग तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग करते रहे। पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार द्वारा पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्थायें की गई थी, जिसमें दो पालियों में 700 पुलिस कर्मचारी एवं अन्य 1000 कर्मचारियों को तैनात किया गया था, वहीं कलेक्टर के निर्देशन में अपर कलेक्टर, राजस्व अधिकारियों सहित समस्त विभागों के जिला अधिकारियों ने श्री शनि मेला मंदिर परिसर में जिम्मेदारियों का पूर्ण निर्वहन किया। विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यपालिक दण्डाधिकारी के रूप में जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। मेले को 4 सेक्टरों में विभाजित किया गया था, जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहे। संपूर्ण मेला अवधि में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मेले में पल-पल की जानकारी लेते रहे।

## फायर विग्रेड की उचित व्यवस्था

प्रशासन द्वारा इस मेले में अल्ग-अल्ग स्थानों पर फायर विग्रेड की व्यवस्था की गई। इससे अग्नि दुर्घटनाओं को आसानी से रोका जा सके। मेल्र में भण्डारों की उचित व्यवस्था शनि मेंल्र में भण्डारें ल्गाये गये, जहां मेले में श्रृद्धालुओं ने दर्शन कर भण्डारों में प्रसादी ग्रहण की।

## महिला-पुरूषों को अलग-अलग दर्शन की व्यवस्था

कलेक्टर के निर्देश में श्री शनि मेल्र में महिल्र- पुरूषों के दर्शन करने की उचित व्यवस्था की गई, जिसमें लोगों का कहना है कि प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्थायें की है, हमें किसी प्रकार श्री शनि भगवान के दर्शन करने में कोई कठिनाई नहीं हुई। ऐसा प्रशासन बधाई का पात्र है।

## मृत्युलोक के न्यायाधिपति है शनिदेव

ज्योतिष के अनुसार शनिग्रह सौर मंडल का सबसे महत्वपूर्ण ग्रह है और व्यक्ति के कर्मानुसार अच्छे बुरे कर्मफल का निर्णायक होने के कारण शनिदेव को मृत्युलोक का न्यायाधीश माना गया है। शनि को क्रूर ग्रह मानकर लोग भयभीत रहते हैं। ज्योतिष के अनुसार शनिदेव की अनुकूलता और प्रतिकूलता व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करती है। शनि के शुभ प्रभाव से दीर्घकालिक प्रसिद्धि की प्राप्ति होती है, जबकि अशुभ प्रभाव होने पर अपार दुःख और मानसिक अशांति का सामना करना पडता है।

## हजारों श्रद्धालुओं ने कराया मुण्डन

शनि देव पर दर्शनों के लिए पहुंच हजारों श्रद्धालुओं ने सिर के बाल व मूंछे मुडवाकर दान दी गई। इस दौरान शनि देव मंदिर के आसपास सैकड़ों की संख्या में नाई हाथों में उस्तरा लिये लोगों के बाल बनाते नजर आये। वहीं लोगों की बाल मुडवाने के लिए लम्बी कतारें लगी नजर आईं।

## चारों तरफ दिख रहे थे वस्त्र ही वस्त्र

लोगों का मानना है कि शनिदेव दर्शन के बाद वस्त्र व जूते चप्पल आदि अर्पित करने से उनपर छाया शनिचर उतर जाता है। इसके चलते हजारों श्रद्धालुओं द्वारा वस्त्र व जूते-चप्पल आदि का दान किया गया। मंदिर के पिछवाड़े एवं चारों ओर फैले जंगल में कपड़े व जूते चप्पल नजर आ रहे थे।

## मेले में स्नानागार की उचित व्यवस्था

मेले में प्रशासन द्वारा महिला एवं पुरूष स्नानागार की उचित व्यवस्था की गई थी, जिससे महिला एवं पुरूषों के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर स्नान किया गया।



## केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने भगवान शनिदेव पर किया तेलाभिषेक

**मुरैना।** भगवान शनिदेव के दर्शन लाभ के लिये देश भर के श्रद्धालुओ का आगमन बीती रात से आरंभ हो गया। मुरैना सहित देश भर में सुख शांति समृद्धि के लिये केन्द्रीय कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने भगवान शनिदेव पर तेलाभिषेक किया। इस अवसर पर कलेक्टर बक्की कार्तिकेयन, पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार संबंधित अन्य अधिकारी मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि क्षेत्र एवं देश में समृद्धि के लिये भगवान का अभिषेक किया गया है। कलेक्टर वक्की कार्तिकेयन ने बताया कि श्रध्दालुओं की सुविधाओं के लिये व्यवस्थाओं को मूर्तरूप दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार ने बताया कि सुरक्षा के लिये 7 सैकडा से अधिक पुलिस बल तैनात किया गया है।



## विश्व विकलांग दिवस पर खेलकूद एवं सामर्थ्य प्रतियोगिताओं का आयोजन सम्पन्न

**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन के निर्देशन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह की उपस्थिति में विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मुरैना में दिव्यांगता की सभी श्रेणीयों में (अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित एवं मानसिक रूप से अविकसित) स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं आयु वर्गवार खेलकूद प्रतियोगिताऍं एवं सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिताऍं आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्षता श्रीमती गीता हर्षाना, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. योगेशपाल गुप्ता, पूर्व मंत्री गिर्राज डंडोतिया, पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना, लक्ष्मीनारायण हर्षाना, हेमन्त कुशवाह, संभागीय खेल अधिकारी प्रशांत कुशवाह जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र मनीष शर्मा, नरेन्द्र सिंह तोमर सहित दिव्यांगजन मौजूद थे।

## आमजन और दुकानदारों के बीच पहुंचकर की महंगाई के बारे में चर्चा

**कैलारस।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा निर्देशित जन जागरण यात्रा का आयोजन जौरा विधानसभा के कैलारस में आयोजित की गई। जन जागरण पदयात्रा का आरंभ आंतरी स्थित रेस्ट हाउस से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल अर्पित कर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आगाज किया। पदयात्रा को पूर्व मंत्री एवं मुरैना जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राकेश चैधरी, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, सबलगढ़ विधानसभा के विधायक बैजनाथ कुशवाहा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। पदयात्रा अंबेडकर गली होते हुए संपूर्ण बाजार में आमजन एवं दुकानदार से चर्चा करते हुए निकली। पदयात्रा का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं जौरा विधानसभा प्रत्याशी पंकज उपाध्याय एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लक्ष्मी नारायण दुबे द्वारा किया गया। पदयात्रा का समापन पुरानी सब्जी मंडी स्थित विशाल जनसभा के रूप में हुआ।



जनसभा को संबोधित करते हुए राकेश चौधरी ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। 7 वर्ष पूर्व नरेंद्र मोदी के झूठ में आकर पूरी जनता ने इन्हें भारत की राजनीति में बिठाया लेकिन आज तक इनका कोई वादा पूरा नहीं हुआ है। 15 लाख के झूठ से चली सरकार डीजल-पेट्रोल की भारी कीमतों, भ्रष्टाचार व बेरोजगारी पर आकर रुकी है। पूरा देश अडानी और अंबानी को बेच दिया है और धर्म के नाम पर जनता को बरगला रहे हैं। मुरैना विधायक एवं जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश मावई द्वारा संबोधन में कहा कि शिवराज सिंह चौहान अपने आप को किसान पुत्र कहते हैं और उनके राज में आज तक किसानों पर इतना अत्याचार हुआ है, इतिहास में कभी नहीं हुआ। प्रदेश के किसान एवं आम जनता खाद के लिए मारी-मारी फिर रही है। पंकज उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य की सरकार का पाप का घड़ा भर गया है। पूरे देश में देखा किस तरीके से कैलारस में किसानों पर पुलिस ने खाद मांगने पर लाठियां चलाई। जनता के द्वारा दिए गए आशीर्वाद रुपी सरकार को उन्होंने पैसे के बल पर लूट लिया। आने वाले चुनाव में किसान, युवा, महिलाओं और आमजन ने बीजेपी को घर पहुंचाने का ठान लिया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, राजेंद्र यादव, दीपक शर्मा, राजू सोलंकी, मानवेंद्र सिकरवार, रामहेत त्यागी, राजकुमार शर्मा, मुकेश शुक्ला, रामनरेश जापथाप, केशव गोयनर, बलवीर कुशवाहा, अशोक जाटव, देवेंद्र सिकरवार भर्रा, बिंदु कुरैशी, मोहन रसौइया, भानु प्रताप सिकरवार, सुनील शर्मा, सुरेश उपाध्याय, रामभरोसी पालिया, सुरेश रावत, अरुण कुलश्रेष्ठ, शम्मा कुरैशी, विपिन चौहान, जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्री उपाध्याय के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। आभार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दुबे ने माना।

## अग्रवाल महासभा कैलारस के 3 पदाधिकारियों के चुनाव के लिए मतदान आज

### 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 878 मतदाता



**कैलारस।** अग्रवाल महासभा कैलारस के 3 पदाधिकारियों अध्यक्ष उपाध्यक्ष महासचिव के पदों के लिए चुनाव आज 5 दिसम्बर रविवार सुबह 8 बजे से 4 बजे तक अग्रवाल सेवा सदन चोडा खरंजा पर निर्वाचन कमेटी की देख-रेख में किये जायेंगे। निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मानंद गुप्ता ने बताया कि चुनाव में 878 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। एक मतदाता तीन पदों के लिए तीन वेलेट पेपर पर मत देगा। इसमें अध्यक्ष पद पर कैलाश चंद्र अग्रवाल, ब्रजभूषण बंसल, शंकरलाल सिंघल, हरीश बंसल, उपाध्यक्ष पद पर मोहनलाल गोयनर मोदी, सेवाराम गुप्ता, संतोषी लाल मंगल, महासचिव पद के लिए अजय गोयनर, जगदीश प्रसाद गोयल नत्था, राधेश्याम बंसल उम्मीदवार हैं। वही कोषाध्यक्ष पद पर एक मात्र फॉर्म रहने से अनिल गोयनर का निर्विरोध निर्वाचन तय है, अध्यक्ष पद के वेलेट पेपर का रंग सफेद है व उपाध्यक्ष पद का गुलाबी तो महासचिव पद का पीला रंग का वेलेट पेपर है। मतदान उपरांत शाम को 6 बजे मतगणना की जाकर परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि अग्रवाल महासभा कैलारस के पदाधिकारियों का पहली बार मतदान के जरिये चुनाव हो रहा है।

## परिवहन विभाग ने अवैध ऑटो जप्त कर वसूल किए लाखों रुपए

**मुरैना।** न्यायालय के निर्देश पर एवं परिवहन आयुक्त के आदेश पर परिवहन विभाग मुरैना द्वारा अवैध ऑटो संचालन की जांच करते हुए 3 सैकड़ा से अधिक ऑटो की जांच की गई और एक सैकड़ा से अधिक ऑटो एवं ई-रिक्शा जप्त कर लाखों रुपए जुर्माना वसूला गया।

जबलपुर हाईकोर्ट में दायर रिट पिटीशन 2013 के अनुक्रम में पूरे प्रदेश मे अवैध ऑटो संचालन की जांच के निर्देश माननीय न्यायलय द्वारा दिए गए कि मध्यप्रदेश में 50 हजार से ज्यादा ऑटो संचालित है। ज्यादातर ऑटो अवैध रूप से चलाये जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। अवैध ऑटो संचालन सम्बन्धित दुर्घटनाओं में बीमा क्लेम को लेकर भी समस्याए आ रही है। अवैध ऑटो संचालन के विरुद्ध संभागीय परिवहन उड़नदस्ता चंबल जिला मुरैना ने सघन अभियान चलाया। उड़नदस्ता प्रभारी टीपीएस भदोरिया ने बताया कि 375 ऑटो की जांच की गई एवं 105 फोटो तथा चार ऑटो ई-रिक्श जप्त किए तथा 85 प्रकरणों का निपटारा किया गया पकड़े गए ऑटो से टैक्स के रूप में 4500 रुपए, शास्त शुल्क 3 लाख 29 हजार 590 रुपए एवं शमन शुल्क दो लाखों 29 हजार 900 रुपए वसूल किए गए। श्री भदौरिया ने बताया कि विगत 04 दिनों से ऑटो चालकों को दस्तावेजों के वैधीकरण और ट्रेफिक नियमों के पालन करने की समझाईश दी जा रही है। परिणाम स्वरूप परिवहन कार्यालय में दस्तावेजों को बनवाने की होड़ मची हुई है और यही अभियान की सफलता का प्रमाण है।



# यूको बैंक मैनेजर के खिलाफ व्यापारियो का फूटा गुस्सा

**आढ़तियों ने की अनिश्चितकालीन गल्लामंडी बंद**

**दबोह-**

दबोह यूको बैंक के मैनेजर के खिलाफ शनिवार को वआढ़तियों का गुस्सा फूट पड़ा।जिसके चलते दबोह गल्ला व्यापारियो( आढ़तियों )ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर व्यापारी एकता व यूको बैंक के शाखा प्रबंधक को बर्खास्त करने की नारेबाजी की।तदोपरांत आढ़तियों ने सामुहिक रूप से एक आवेदन आलमपुर मंडी सचिव को दिया।जिसमे उन्होंने यूको बैंक दबोह के शाखा प्रबन्धक द्वारा नोटिस जारी कराने व मानसिक रूप से प्रताड़ना के आरोप लगाने के एवज में अनिश्चितकालीन मंडी बन्द रखने की बात कही।शनिवार को मंडी आढ़तियों ने कहा कि हम सब को बैंक मैनेजर के द्वारा हमारे खाते में से ही रुपये नही दिए जा रहे है।जिसके चलते दबोह मंडी का किसान बहुत परेशान हो रहा है क्योंकि हम माल खरीदी तो कर रहे है परन्तु किसान को रुपये नही दे पा रहे हैं।व्यापारियो के द्वारा बताया गया कि बीते रोज बैंक मैनेजर के द्वारा हम सब व्यापारियो को बुलाकर झंडा



दिवस के लिए ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये मांगे गए थे।जिसमें हम सब से यूको बैंक शाखा प्रबंधक महोदय ने कहा गया था कि भिंड कलेक्टर के द्वारा मुझसे रुपये एकत्रित करने के लिए कहा गया है इसलिए आप सभी को इसमें सहयोग करना पड़ेगा।जब हम व्यापारियो के द्वारा इस बात से इंकार कर दिया गया तो बैंक मैनेजर के द्वारा हमे रुपये नही दिए गए एवं खाता बंद करने व मुकदमा दर्ज कराने की धमकी भी दी गयी।आढ़तियों ने कहा कि आज हमारे पास किसानो को देने के लिए रुपये नही है तो फिर हम कैसे किसानों से अनाज खरीद सकते है।इसलिए आज हमने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए है जब तक हमारी इन समस्याओ का समाधान नही होगा तब तक हम प्रतिष्ठान नही खोलेंगे।वहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सिंह गुर्जर ने मीडिया को बताया कि बीते रोज जब आढ़तियों की समस्या को लेकर बैंक पहुंचकर शाखा प्रबंधक महोदय से बात की तो वह उस बीच 11-11 हजार रुपये के चंदे की बात को लेकर बैठ गए साथ ही शाखा प्रबंधक ने कहा कि ज्यादा रुपये देने की हमारी लिमिट नही है अगर आप सभी रुपये मंगाना चाहते हो तो जो गाड़ी पैसे लेकर आती है उसका 6 हजार रुपये प्रति माह दो और अपने व्यक्ति उसमे भेजो।फिलहाल तो इतना कहना मुनासिब होगा कि व्यापारी और शाखा प्रबन्धक के बीच जमकर ठनी है।व्यापारियो की बात सुनने के बाद जब मीडिया यूको बैंक शाखा प्रबंधक से उनका पक्ष पूछने पहुंची तो शाखा प्रबंधक महोदय अनुपस्थित पाए गए जिसके चलते उनसे मीडिया का कोई सम्पर्क न हो पाया।

**मंडी बंद होने से दर-दर भटकने को मजबूर हुआ किसान:** शनिवार को मंडी में खरीदी बन्द हो जाने से मंडी में खड़े किसान परेशान नजर आए।जब मीडिया के द्वारा किसानों से बात की गई तो किसानों ने बताया कि सुबह 11 बजे से कड़ी धूप में मंडी में खड़े है परंतु मंडी में बन्द होने की वजह से खरीदी नही हो पा रही है।अब समझ न आ रहा कि क्या करें।फिलहाल तो इतना कहेंगे कि एक ओर भाजपा सरकार किसानों के लिए बड़े बड़े वादे किये जा रही है और वहीं धरातल पर भाजपा के शासन काल मे किसानों को इस तरह की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

**एक ही बैंक होने से वर्षो से यूको बैंक अधिकारियों की मनमानी का शिकार हो रहे व्यापारी व किसान:** यहां बताना मुनासिब होगा कि हजारो की आबादी बाले क्षेत्र में स्व्छ्ह बैंक नही है।बर्षो से नगर में यूको बैंक संचालित है जिसकी वजह से व्यापारियों व किसानों को आये दिन परेशानियो का सामना करना पड़ता है।क्यों कि एक ही बैंक होने की वजह से बैंक में काफी भीड़ रहती है और अक्सर पेमेंट न होने की समस्या से आस पास के गाँवो से आये किसानों को बैंक की लंबी लाइन में लगने के बाद मायूस होकर वापस घर जाना पड़ता है।नगर में स्व्छ्ह बैंक स्थापित करने को लेकर पूर्व में भी व्यापारियो द्वारा अथक प्रयास किये गए परन्तु स्व्छ्ह बैंक नगर में स्थापित न हो सकी।इसका एक मूल कारण यह भी है की नगर में अपनी खोखली राजनीति का ढिंढोरा पीटने वाले राजनैतिक दलों के नेताओ ने कभी भी नगर विकास पर ध्यान ही न दिया।

**इनका कहना**

1-अगर व्यापारियो की समस्या का समाधान नही होता है तो फिलहाल तो गल्ला मंडी में आढ़तियों ने बन्दी की है परन्तु समाधान न होने की स्तिथि में पूरा बाजार भी जल्द बन्द किया जा सकता है।

**संजय सिंह गुर्जर**
**किसान कॉग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष**
**व्यापार मंडल अध्यक्ष दबोह**

2-मैं अपनी फसल लेकर आया था मुझे फसल बौने के लिए खाद बीज लेना है मुझे रुपये की शख्त जरूरत है और व्यापारी बोल रहे कि मेरे पास रुपये नही है मै फसल नही खरीद सकता।

**कल्याण सिंह कौरव**
**किसान निवासी कुरथर**

3-हम पल्लेदारी करने के लिए पंडोखर से दबोह मंडी आते है हमारे लिए अत्यंत समस्या खड़ी हो गयी काम बंद पड़ा है हम रोज कमा कर रोज खाते है ऐसे में सेठ के पैसे नही तो वो हमें भी काम नही दे रहा।

**रामकुमार**
**पल्लेदार मजदूर निवासी पंडोखर**

## वन-टू-वन

### भिंड कलेक्टर बने युवाओं के प्रेरणा स्रोत



**उमाकान्त शर्मा**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** शहर में पिछले दिनों भिण्ड कलेक्टर सतीश कुमार एस द्वारा शहर को गंदगी के अभिशाप से मुक्त कराने की पहल को लेकर स्वयं फावड़ा लेकर शहर में शुरू किए गए सफाई अभियान से प्रेरणा लेकर वाटर वर्क्स इलाके के युवाओं द्वारा मोहल्ले की मुख्य सड़क पर नर्सरी गेट के पास पसरी मिट्टी एवं गंदगी को दूर करने का सफाई अभियान चलाया गया।शनिवार को शुरू किए गए इस सफाई अभियान में मुख्य रूप से बी. के. बौहरे के सानिध्य में युवा वॉलिंटियर्स के रूप में आकाश बौहरे रमाकांत पुरोहित शिवम शर्मा अमन भदौरिया गौरव शुक्ला राहुल शर्मा नमो मिश्रा सूर्य प्रकाश बोहरे आदि युवाओं ने भाग लिया।गौरतलब है कि वाटर वर्क्स इलाके की मुख्य सडक पर टाटा कम्पनी द्वारा सडक खोदकर पानी की पाइप लाइन बिछाये जाने के बाद मिट्टी को वहीं पर छोड़ दिया गया था जिस कारण भारी गंदगी जमा हो जाने के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा था।

### सामाजिक अधिकारिता शिविर में सांसद ने बांटे दिव्यांग जनो को उपकरण



**गोहद** जनपद पंचायत सभागार में सांसद संध्या राय द्वारा सामाजिक अधिकारिता शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचकर ग्रामीण एवं शहरी दिव्यांग एवं निशक्त जनों को ट्राई साइकिल वैशाखी आदि उपकरण वितरित किए इस मौके पर सांसद राय ने कहा कि 2014 में जब से मोदी जी की सरकार बनी है तभी से मोदी जी ने विकास प्रारंभ कर दिए थे उन्होंने कहा था कि यह गरीब पिछड़ों की एवं किसानों की सरकार है जिन महिलाओं को सम्मान नहीं मिलता था उनको सम्मान दिलाने की सरकार है और शासन की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध 2014 से 2021 तक सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन इसलिए नहीं हो सका था क्योंकि यह सामाजिक अधिकारिता विभाग में नहीं जुड़ा था अब विभाग जुड़ने से ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे

### विशाल भजन संध्या का कार्यक्रम किया आयोजित

**पुष्पांजलि टुडे/पाली**

**पाली।** रानी ।एक शाम श्री सुरा पूरा वीर बद्री सिंह जी सिसोदिया पूरबजी के नाम जवाली विशाल भजन संध्या 23 वी पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आगाज गणपति वंदना के साथ मनीष भाई हटेला रानी ने किया



उसके बाद राजस्थान के सुप्रसिद्ध और सुरीली आवाज के धनी राकेश जी मंडोरा ,दीपक जी राठौड़, 2 जुड़वा भाई गोपी किशन सादड़ी ,गणेश देवासी और राजस्थान की फेमस टिक टॉक स्टार आरोही रावल ने भजन संध्या को अपने चुटकले से भक्ति रस में भर दिया उनके साथ में हमारे युवा साथी युवा मंच संचालक अशोक जी वैष्णव अटाटिया से और पूरी भजन संध्या का लाइव यूट्यूब के माध्यम से तेजल फिल्म करनवा साउंड सिस्टम बालाजी साउंड आकड़वास संत विजय सिंह जी महाराज बीजापुर पुरबजी के उपासक व भोपाजी अमरसिंह जी,बायोसा माताजी के भोपाजी भवरलाल जी सभी का एकता ग्रुप ने पलक पांवड़े स्वागत सत्कार आभार क्या पूरा एकता ग्रुप आपका ऋणी रहेगा पधारे हुए सभी भक्तो का हृदय की गहराइयों से साधुवाद।

# बी एल भाटी को पत्रकार संघ संगठन का अध्यक्ष चुना गया

**आई एफ डब्ल्यू जे संगठन रानी उपखंड इकाई के निर्विरोध अध्यक्ष मनोनीत**

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता। नेनाराम सिरवी**

**पाली ।रानी।** आईएफडब्ल्यूजे प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह राठौड़ के आदेशानुसार व पाली जिला अध्यक्ष अरूण जोशी निर्देशानुसार पत्रकार संघ रानी के वार्षिक चुनाव आज चुनाव पर्यवेक्षक राजीव अग्रवाल विक्रमसिंह के अध्यक्षता में रानी स्थित ब्रह्माकुमारी आत्मज्योति भवन के सभागार में संपन्न हुए। जिसमें सर्वसम्मति से बाबूलाल भाटी को 2 वर्ष के लिए अध्यक्ष चुना गया। साथ ही पूर्व अध्यक्ष बशीरुद्दीन चढवा को संगठन के पाली जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर चुना गया। इस अवसर पर संगठन के परामर्शदाता राजकमल पारीक ने पत्रकारिता को लेकर बताया कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहलाता है। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ वह समाज में पत्रकारों की अलग ही भूमिका होती हैं इसलिए आप अपनी कलम सकारात्मक रूप से चलाएं। उन्होंने कहा कि पत्रकार की पत्रकारिता लोगों की सोच को भी परिवर्तन करती हैं। इसलिए पत्रकारिता समाज को दिशा देने का काम करती हैं। वरिष्ठ पत्रकार गोंडवा टाइम्स के संपादक हिम्मत मालवीय ने पत्र और



पत्रकारिता को लेकर विस्तृत जानकारी दी।उन्होंने कहा कि मीडिया समाज को अनेक प्रकार से नेतृत्व प्रदान करता है इसमें समाज की विचारधारा प्रभावित होती हैं मीडिया समाज के विभिन्न वर्गों के हितों का रक्षक भी होता है। कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी की संचालिका सोनू बहन ने पत्रकारिता को लेकर बताया कि पत्रकारिता निष्पक्ष रुप से ही सही परिपेक्ष में प्रस्तुत करनी चाहिए लोकतंत्र में पत्रकार और पत्रकारिता दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं । समारोह के अंत में ब्रह्माकुमारी की संचालिका सोनू बहन ने आए हुए पत्रकारों का सम्मान किया गया । पर्यवेक्षक राजीव अग्रवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबूलाल भाटी को 7 दिवस के अंदर उपखंड क्षेत्र की कार्यकारिणी को गठित करने के निर्देश दिए एवं पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।इस अवसर पर पत्रकार नरेंद्र बुनकर, हिमांशु पलोड, भेराराम बंजारा,महिपाल रावल, हितेश गुप्ता,मगराज चौहान, चौथा राम किरवा, अरविंद गोयल खौड,ओपाराम खौड़,भीमराज पारंगी, मांगीलाल घांची घेनड़ी,विकास शर्मा,नेनाराम चौधरी, आदि उपस्थित थे

# विधायक ज्ञापन सप्ताहः पुरानी पेंशन बहाली हेतु विधानसभा में उठे आवाज...

**जिला मुरैना...** *न्यू मूवमेंट फाँर ओल्ड पेंशन संघ के प्रांताध्यक्ष सतेंद्र सिंह तिवारी के आह्वान पर चंबल संभाग के संभागीय उपाध्यक्ष योगेन्द्र शुक्ला के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष मुरैना नीलेश शर्मा के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली हेतु विधानसभा सत्र में ध्यान आकर्षण के लिए एक ज्ञापन माननीय विधायक महोदय सबलगढ़ श्री वैजनाथ कुशवाह जी को उनके निवास पर सौपा गया जिसमें कर्मचारियों ने 2005 से बंद की पुरानी पेंशन की मांग करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था तुरंत बहाल करे इस पर माननीय विधायक जी ने कहा आप कर्मचारी साथियों की माँग बिल्कुल जायज है आपके बुढापे की लाठी पुरानी पेंशन आपका अधिकार है और ये आपका हक है और आपको मिलना ही चाहिए माननीय विधायक महोदय ने कहा मैं पुरानी पेंशन की मांग को विधानसभा में प्रश्न लगाकर सरकार के माध्यम से हल निकालने का पूरा प्रयास करुंगा और आपको जरूर पुरानी पेंशन बहाली के लिए हर संभव प्रयास करुंगा ज्ञापन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नीलेश शर्मा ,जिला कार्यकारी अध्यक्ष श्याम यादव ,जिला महासचिव रामप्रसाद सखवार, जिला उपाध्यक्ष नरोत्तम माहौर ,तहसील अध्यक्ष मुरैना रूस्तम धारियां, जे पी शर्मा (तहसील अध्यक्ष,मध्यप्रदेश शिक्षक संघ),वीर भान सिंह जादौन (संभाग अध्यक्ष,शिक्षक संघ मध्यप्रदेश) पदम सिंह रावत,राजेंद्र शर्मा,कृष्ण मोहन शर्मा,श्याम लाल जन शिक्षक अमर सिंह रावत कटारे,धर्मेंद्र शर्मा,सुभाष शर्मा,शिव कुमार त्यागी संजय शर्मा काजी कली मुल्ला पियूष हरदैनियां सुनील शुक्ला आदि कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।



### विधायक प्रतिनिधि होता है विधायक का प्रतिबिंब - विधायक मेवाराम जाटव

**विधायक प्रतिनिधि के निवास पर विधायक मेवाराम का हुआ भव्य स्वागत।**

**गोहद।** विधायक मेवाराम जाटव के द्वारा अपनी गोहद विधानसभा में हर सरकारी कार्यालय के लिए अपनी तरफ से विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किये गए है। जिससे सभी कार्यालयों में जनता के कार्य विधायक प्रतिनिधि जाकर समय पर करा सकें। जिसके लिए विधायक मेवाराम जाटव स्वयं नियुक्ति पत्र प्रदान कर जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। इसी के अंतर्गत आज राजकुमार उर्फ राजू गुर्जर को कृषि उपज मंडी का विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। उन्हें आज विधायक मेवाराम जाटव जी के द्वारा विधायक प्रतिनिधि नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान विधायक मेवाराम जाटव का भव्य स्वागत किया गया।

# भिंड जिले के शासकीय स्कूल बने अनियमितताओं के हॉटस्पॉट




**दैनिक पुष्पांजलि टुडे भिण्ड**
**संवाददाता विवेक पाण्डेय**
**स्व्छ्ह - 7509181732**

विगत कुछ दिनों से पुष्पांजलि टुडे संवाददाता भिण्ड विवेक पाण्डेय के द्वारा जिले में संचालित शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों में विजिट किया गया तो पाया गया कि भिण्ड जिले में संचालित अधिकतर विद्यालयों में काफी अनियमितताएं देखने को मिली कहीं पर विद्यालय में शिक्षक समय पर नहीं आते हैं तो कहीं पर शिक्षक अल्टरनेटली विद्यालय में पहुंच रहे हैं कहीं पर तो यह भी देखने को मिला है कि शिक्षक 15 दिन या 1 महीने में एक बार विद्यालय आते हैं और अपनी महीने भर की हाजिरी पर साइन करके चले जाते हैं इतना ही नहीं किसी किसी स्कूल में तो यह भी देखने को मिला है कि विद्यालय का समय जो शासन द्वारा सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक निर्धारित किया हुआ है वहीं शिक्षकों ने अपनी सुविधानुसार समय को परिवर्तित करके अपराहन 12:30 से दोपहर 3:30 बजे निर्धारित किया हुआ है इस संबंध में जब पुष्पांजलि टुडे संवाददाता विवेक पाण्डेय जी ने जिला शिक्षा अधिकारी हरी भवन तोमर जी से बातचीत करने की कोशिश की तो जिला शिक्षा अधिकारी ने इस विषय पर चुप्पी साध ली और किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से मना कर दिया हमारे संवाददाता ने जब पुनः इस विषय पर जिला शिक्षा अधिकारी से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने समय नहीं दिया।




### विजिट किए गए स्कूलों में प्रमुख हैं

1- शासकीय माध्यमिक विद्यालय ग्राम नौरासाई भारौली कला जिला भिण्ड मध्य प्रदेश।

2- शासकीय माध्यमिक विद्यालय ग्राम नालीपुरा धराई भिण्ड मध्य प्रदेश।

3- शासकीय प्राथमिक विद्यालय ग्राम नालीपुरा धराई भिण्ड मध्य प्रदेश।

4- शासकीय प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुरा भिण्ड मध्य प्रदेश।

# क्षत्रिय व ब्राह्मण समाज के साथ अन्य समाज के वरिष्ठ जन आए विधायक मेवाराम जाटव का समर्थन।

**ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठ जनों ने विधायक मेवाराम जाटव के सरकारी आवास पर पहुंचकर किया समर्थन।**

**गोहद।** पिछले दिनों क्षत्रिय एवं ब्राह्मण समाज को कुछ लोगों के द्वारा विधायक मेवाराम जाटव का अलग-अलग पुतला दहन किया गया था इसी कड़ी में आज विधायक मेवाराम जाटव के सरकारी निवास पर क्षत्रिय व ब्राह्मण समाज के कई बुद्धिजीवी एवं बुजुर्ग लोग विधायक मेवाराम जाटव का समर्थन करने पहुंचे इस दौरान क्षत्रिय व ब्राह्मण समाज के कई लोगों ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि हमने 2020 में मेवाराम जाटव को विधायक बनाया है हम मेवाराम जाटव के साथ हैं क्षत्रिय व ब्राह्मण समाज मैं विधायक मेवाराम जाटव का कोई विरोध नहीं है हमारे कुछ लड़के पुतला दहन में गलती से चले गए थे उनके मां बाप ने भी हमें पूरा भरोसा दिलाया है कि हम सब विधायक जी के साथ हैं और हमेशा विधायक के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विधायक मेवाराम जाटव का समर्थन करते हैं। पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि



जिस प्रकार 2020 में मेवाराम जाटव का साथ दिया है उससे भी ज्यादा ताकत के साथ आगे आने वाले 2023 के चुनाव में भी हम सब मेवाराम जाटव का साथ देंगे। इस दौरान देवी सिंह तोमर जगदीश तिवारी, महाराज सिंह तोमर, मोहन सिकरवार, भातादीन सिंह बोमर, सुरेन्द्र तोमर, रविन्द्र तोमर, राम रूप सिंह तोमर, रघुराज सिंह तोमार, राकेश सिंह तोमर, नरेश सिंह तोमर, विकास सिंह तोमर, गनेश सिंह तोमर, दिलीप सिंह तोमर, गधर्व सिह तोमर, गुड्डू भदौरिया, सुरेश सिंह तोमर, अभिलाख सिंह तोमर, जगदीश शर्मा, आशीष शर्मा, अरविन्द्र सिंह तोमर, उमेश कोकर, केदार सिंह कौशल, कैलाश माहौर, अवदेश शुक्ला, गुरुदयाल अटल, मुकेश तोमर, भगत सिंह तोमर, रामप्रकाश पटेल, पूर्व सरपंच गनेशराम शर्मा 1 सैकड़ा से अधिक वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन ने दिया शिवपुरी कलेक्टर को ज्ञापन।

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी**

**एंकर** - ख़बर शिवपुरी से कलेक्ट्रेट से है जहां अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन ने कलेक्टर के नाम



ज्ञापन सौंपा है जिसमे नगर पालिका शिवपुरी में लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया जिसमे संगठन के द्वारा पूर्व में 22 अक्टूबर को मांग पत्र दिया गया था उक्त मांगपत्र के अनुसार कुछ मांगो का निराकरण कलेक्टर के द्वारा कर दिया गया था तथा कुछ निराकरण कलेक्टर ने कुछ समय बाद करने का अस्वशान दिया गया था जिसके चलते अभी तक कोई विचार नहीं किया गया। वहीं अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन ने अपनी मांग में सबसे पहले मानवीय अधिकार में पर्याप्त वेतन दिए जाए, पीएफ भुगतान कराने की मांग, कर्मचारी नियमित किए जाएं और जिन कर्मचारियों की कोरोना काल में मृत्यु हो गई है उनके परिवारो को अनुकंपा नियुक्ति की जाए।, ऐसी मांग समस्त सफाई कर्मचारी संघ ने रखी है। और मांग पूरी नहीं होती तो शहर में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिव्यांग जनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाओं को संचालित किया - ओ पी एस भदौरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

**राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने मेहगांव जनपद में दिव्यांगजनों को वितरण किए रिक्शा**

**250 से अधिक उपकरणों का हुआ वितरण**

भिण्ड जिले के मेहगांव से* मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में योजनाओं को प्रारंभ किया है, वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार हर गरीब मजदूर किसानों के लिए अनेकों योजनाओं को संचालित करते हुए विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया 7 उन्होंने यह उद्गार मेहगांव जनपद






कार्यालय में आयोजित दिव्यांगजन के रिक्शा वितरण कार्यक्रम में जन हितग्राही एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए द्य इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष के पी सिंह भदौरिया भाजपा नेता प्रभात किशोर दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित थे द्य नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं समाधान के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों का अनुसरण कर उनके अंत्योदय के एकात्म मानववाद के साथ अंतिम छोर के व्यक्ति को आंवले की पंक्ति में खड़ा कर रहे जिन्होंने आयुष्मान भारत योजना प्रधानमंत्री आवास योजना किसान सम्मान निधि महिलाओं को निशुल्क गैस कनेक्शन और मध्य प्रदेश सरकार ने भी हर समाज के व्यक्ति को अनेकों योजनाओं के साथ विकास की दिशा में खड़ा किया है द्यउन्होंने कहा दिव्यांग जनों के लिए मोदी और शिवराज सरकार ने ऐसी योजनाओं को बनाया है जिससे हमारे दिव्यांगजन के लिए हर सुविधाएं उपलब्ध हो और शिक्षा के क्षेत्र में आज वह अपना नाम करते हुए समाज को गौरवान्वित कर रहे हैं द्य

**राज्यमंत्री भदौरिया ने वकीलों से की मुलाकात:** राज्यमंत्री भदौरिया ने अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत मेहगांव के जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय में पहुंचकर अभिभाषक संघ के वकीलों से भी उन्होंने मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना।

## वन-टू-वन



### ईकॉमर्स भविष्य का बाजार इसलिए जीवन में समय के साथ बदलाव जरूरी-प्रवीण खंडेलवाल

**ग्वालियर( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

गुरूकुल ड्रीम फांउडेशन द्वारा आयोजित साप्ताहिक वेबिनार सफरनामा में इस बार मुख्य वक्ता के रूप में नई दिल्ली से कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खंडेलवाल उपस्थित रहे।युवाओं से बात करते हुए वक्ता ने कहा देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं को अपने अंदर उद्यमी सोच को लाना होगा जिससे ज्यादा बिजनेस लगेगें तो देश में रोजगार बढ़ेगा।श्री खंडेलवाल ने कहा कि कैश का इस्तेमाल कम होने और डिजिटल पेमेंट बढ़ने से हमारा देश एक मजबूत अर्थव्यवस्था की तरफ तेजी से बढ़ेगा।उन्होंने कहा कि सरकार हर साल नोट छापने के लिए लगभग 30 हजार करोड़ रुपए खर्च करती है।ईकॉमर्स भविष्य का बाजार है आने वाला भविष्य टैक्नोलॉजी का होगा ।

### कुसुम राठौर की तबीयत खराब होने पर प्रदेश संगठन महामंत्री आशीष तोमर पहुँचे देखने।

**ग्वालियर।** महिला मोर्चा की संगठन मंत्री कुसुम राठौर की अचानक तवियत खराब हो गई जिसके कारण उनको हजीरा सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया जिसके बाद उनकी



बीमार होने की जानकारी संगठन के सदस्यों को मिली जिसके बाद सुबह सुबह भाजपा समर्थक मंच की महिला मोर्चा कुसुम को देखने के लिये प्रदेश संगठन महामंत्री आशीष तोमर अपने संगठन के साथी विशाल राठौड़ जिला उपाध्यक्ष एवं रामू गॉड महिला मोर्चा मध्य प्रदेश संगठन मंत्री किरण सिंह आदि लोग हॉस्पिटल में जाकर कुसुम जी से मिले और उनका सभी ने हाल चाल जाना और उनको हर संभव इलाज में मदत मिले इसके लिये संबंधित डॉक्टरों से भी चर्चा की और ईस्वर से प्राथना की वो जल्द ठीक हो।

## पुरानी पेंशन की मांग को लेकर शासकीय सेवकों ने सौंपा विधायक मेवाराम जाटव।



**गोहद।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 01 जनवरी 2005 से नियुक्ति शासकीय अधिकारी / कर्मचारीयों को पुरानी पेंशन स्कीम ओ.पी.एस. को बन्द कर न्यू पेंशन स्कीम एन.पी.एस. लागू की गई है। जिसमें 01 जनवरी 2005 के बाद नियुक्त राज्य अधिकारी / कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम ओ. पी. एस. को बंद कर न्यू पेंशन स्कीम एन. पी. एस. लागू की गई है । जिसमें 01 जनवरी 2005 के बाद नियुक्त राज्य सरकार के सभी विभागों के लाखों अधिकारी / कर्मचारी प्रभावित हुये है। न्यू पेंशन स्कीम शेयर बाजार आधारित है। इसमें न्यूनतम पेंशन का भी कोई प्रावधान नहीं है। न्यू पेंशन स्कीम में 500-1000 रुपये तक कुल पेंशन मिलती है, जो कि वृद्धावस्था पेंशन से भी कम है। जिसमें कर्मचारियों को जीवन निर्वाह व परिवार का भरण पोषण सम्मान पूर्वक नहीं होता है। जो शासकीय कर्मचारियों के साथ घोर अन्याय है। कर्मचारी सरकार का सेवक है और पेंशन उसको प्राइवेट कम्पनी दे जो न्यायसंगत नहीं है। इसी को लेकर गोहद विधायक मेवाराम जाटव को शासकीय अधिकारी कर्मचारियों ने एक ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन में विधायक जाटव से इस संबंध में विधानसभा में अधिकारी कर्मचारियों की पीड़ा को लेकर सरकार से सदन में पुरानी पेंशन बहाली हेतु विधानसभा लगाने की मांग की है। इस दौरान दिनेश कुमार शर्मा, सतीश पराशर, पूनम भदोरिया, हैमलता, बृजेश शर्मा, सहित करीब दो दर्जन कर्मचारी उपस्थित थे।



## एसएमसी, एसडीएमसी दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**वक्तताओं ने उत्तम व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व सरकार द्वारा किये जा रहे शिक्षा में नवाचार के बारे में कराया अवगत।**

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता। पाली**

**पाली ।रोहट।** उपखण्ड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल कलाली में आयोजित दो दिवसीय एसएमसी व एसडीएमसी प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को मां सरस्वती के मंदिर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण में पंचायत क्षेत्र के कुल 20 सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षक नरेंद्र सिंह रतनु व प्रधानाचार्या मंजू शर्मा सहित शिक्षकों ने एसएमसी व एसडीएमसी के गठन, सदस्यता, कार्य प्रणाली, विद्यालय विकास में योगदान, सामुदायिक उत्तरदायित्व, सदस्यों की भूमिका की जानकारी दी। वार्ड पंच व एसएमसी अध्यक्ष धन्नाराम लोहार रामपुरा ने उत्तम व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व सरकार द्वारा किये जा रहे शिक्षा में नवाचार के बारे में सभी को अवगत कराया।

## कोई कहे गोविंद कोई कहे गोपाला में तो कहूँ सांबरिया बाँसुरिया बाला-बृजबिहारी जी महाराज

**श्रीमद्भागवत की निकली भव्य कलश यात्रा**

**लहार( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

लहार क्षेत्र के ग्राम बरहा में हाथीवान सरकार पर श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो गया।भागवत ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन कलश यात्रा जल भरकर ग्राम में सभी मंदिरों पर परिक्रमा करते हुए शोभा यात्रा बड़े ही धूम धाम से निकाली गई एवम श्रीमद भागवत महापुराण की पूजा अर्चना की गई इसके उपरांत भागवत आचार्य पूज्य गुरु जी ब्रजबिहारी जी महाराज ने भागवत को वेद



और उपनिषद का सार बताया उन्होने बताया गँगा स्नान,तीर्थ बास ,गौ सेवा ,तुलसी पूजा से जो फल मिलता है वह भागवत श्रवण मात्र से प्राप्त होता है ,आगे श्री गुरु जी ने कहा की ज्ञान वैराग्य तथा भक्ति जाग्रत होती है ,तथा धुँधकारी जैसा पतित प्राणी भी पुनीत हो जाता है ,दिव्य भागवत कथा व्याख्यान पूज्य ब्रजबिहारी जी महाराज ने हाथीवान सरकार पर ब्यास पीठ से कहे जिसमे कथा



पारीक्षत श्रीमति राममूर्ति डॉ अखलेश उपाध्याय ने समस्त ग्राम बासियों से अपील की है कि भागवत ज्ञान यज्ञ में शामिल होकर कथा अमृत पान कर अपने जीवन को सफल बनायें ।

## तीन चरणों में होंगे पंचायत चुनाव ... राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह

***ग्रामीण क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील***

***6 जनवरी, 28 जनवरी और 16 फरवरी को होगा मतदान...***

***राधा तोमर रिपोर्टर अम्बाह...??***

**ग्वालियर** -चम्बल...राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बंसत प्रताप सिंह ने शनिवार को त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2021-22 के लिये निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की है। श्री सिंह ने बताया कि निर्वाचन की घोषणा होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है, जो कि परिणाम घोषित होने तक प्रभावशील रहेगी। आदर्श आचरण संहिता के प्रावधान राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों, शासकीय विभागों एवं कर्मियों तथा त्रि-स्तरीय पंचायतों के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लागू होगी। यद्यपि पंचायत निर्वाचन गैर-दलीय आधार पर हो रहे है, परंतु आचार संहिता के प्रावधान राजनैतिक दलों पर सामान्य रूप से लागू होंगे। मतदान तीन चरणों में 6 जनवरी, 28 जनवरी और 16 फरवरी 2022 में होंगे।





निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने का कार्य प्रथम और द्वितीय चरण के लिये 13 दिसम्बर और तृतीय चरण के लिये 30 दिसम्बर को शुरू होगा। नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख प्रथम और द्वितीय चरण के लिये 20 दिसम्बर और तृतीय चरण के लिये 6 जनवरी है। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा प्रथम और द्वितीय चरण के लिये 21 दिसम्बर और तृतीय चरण के लिये 7 जनवरी को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख और निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन प्रथम और द्वितीय चरण के लिये 23 दिसम्बर और तृतीय चरण के लिये 10 जनवरी को अपराह्न 3 बजे तक है। मतदान (यदि आवश्यक हों) प्रथम चरण के लिये 6 जनवरी, द्वितीय चरण के लिये 28 जनवरी और तृतीय चरण के लिये 16 फरवरी 2022 को सुबह 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगा।

### मतगणना तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा

मतदान केन्द्र पर पंच और सरपंच पद के लिये मतगणना मतदान समाप्ति के तुरंत बाद की जाएगी। जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकासखण्ड मुख्यालय पर ईव्हीएम से मतगणना प्रथम चरण के लिये 10 जनवरी, द्वितीय चरण के लिये 1 फरवरी और तृतीय चरण के लिये 20 फरवरी 2022 को सुबह 8 बजे से की जाएगी। पंच और सरपंच पद के निर्वाचन परिणाम की घोषणा प्रथम चरण के लिये 11 जनवरी, द्वितीय चरण के लिये 2 फरवरी और तृतीय चरण के लिये 21 फरवरी 2022 को सुबह 10:30 बजे से की जाएगी। जनपद पंचायत सदस्य के लिये निर्वाचन परिणाम की घोषणा प्रथम, द्वितीय और तृतीय चरण के लिये 22 फरवरी को और जिला पंचायत सदस्यों के लिये 23 फरवरी 2022 को सुबह 10:30 बजे से की जाएगी।



## विधायक ने गल्ला मंडी किसानों की समस्याएं सुनी।

**गोहद।** गोहद क्षेत्र धान का कटोरा कहा जाता है इन दिनों धान की मंडी जोर शोर से आ रही है अपनी फसल बेचने के दौरान किसान को ढेर सारी समस्याएं आती वैसे तो किसान का पूरा जीवन संघर्ष में बीता है कभी बीजना खाद का ना मिलना कभी पाला, ओला सूखा पड़ जाना किसान की चेतना बोनी से लेकर मंडी तक फसल नहीं दिख जाती तब तक किसान को ढेर सारी समस्याओं से जूझना पड़ता है। किसान को अपनी फसल बेचने के दौरान मंडी में कौन-कौन सी समस्याएं आ रही हैं इन समस्याओं को जानने के लिए आज गोहद विधायक मेवाराम जाटव गोहद कृषि उपज मंडी में और किसानों व्यापारियों एवं मंडी जारी अधिकारियों से चर्चा की किसानों ने आरोप लगाते हुए कहा कि बाहर की कई मंडियों में धान 37 सौ रुपए विक रही है जबकि गोहद की मंडी में 3 हजार से भी कम मैं धान खरीदी जा रही थी अब जरूर 32 सौ रुपए के लगभग कीमत हुई है कई ने कहा कि मंडी में कैंटीन का खाना नहीं मिल रहा जबकि शासन के द्वारा 5 रुपए थाली के हिसाब से कृषि उपज मंडी मैं कैंटीन में खाना उपलब्ध कराया जाता है।

**वर्जन-** गोहद कृषि उपज मंडी में कृषकों के लिए कैंटीन संचालित है। कैंटीन में खाना, नाश्ता, चाय उपलब्ध है जिसका कई कृषक लाभ ले रहे हैं।

**लोकेंद्र सिंह तोमर कृषि उपज मंडी सचिव गोहद**

# भारत रत्न अटल जी की यादों को संजोने के लिए गोरखी में बनेगा भव्य स्मार्ट म्यूजियम

## सांसद श्री शेजवलकर की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी एडवायजरी फोरम की बैठक सम्पन्न

### सांसद ने कहा विकास कार्यों की देखरेख और मॉनीटरिंग की पुख्ता व्यवस्था हो



ग्वालियर। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की यादों को संजोने के लिए गोरखी स्कूल परिसर में स्मार्ट म्यूजियम बनाया जाएगा। म्यूजियम में बनने वाली आधा दर्जन गैलरी में अटल जी के सम्पूर्ण जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को स्मार्ट तरीके से संजोया जाएगा। इस आशय की जानकारी सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर की अध्यक्षता में आयोजित हुई स्मार्ट एडवाइजरी फोरम की बैठक में दी गई। महाराज बाड़ा स्थित गोरखी वही स्कूल है जिसमें भारत रत्न स्व अटल विहारी वाजपेयी ने प्रारंभिक शिक्षा का ककहरा सीखा था।

सांसद श्री शेजवलकर ने कहा अटल म्यूजिम को पूरी भव्यता प्रदान की जाये जिससे सैलानियों को अटल जी से संबंधित सभी प्रकार की प्रेरणादायी जानकारी मिल सके। उन्होंने स्मार्ट सिटी के तहत ग्वालियर शहर में जुड़ रहे आयामों के रख-रखाव और संधारण की पुख्ता व्यवस्था करने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा विकास कार्यों के संधारण की व्यवस्था ऐसी हो जिससे शहरवासियों को विकास कार्यों का लाभ लंबे समय तक मिल सके।

शनिवार को मोतीमहल के मान सभागार में आयोजित हुई बैठक में प्रस्तावित बायो डायवर्सिटी पार्क, स्वर्णरेखा नदी का विकास, अंतरराज्यीय बस टर्मिनल, ग्वालियर शहर के प्रवेश द्वार और स्मार्ट स्कूल शिक्षा नगर सहित स्मार्ट सिटी से संबंधित अन्य विकास कार्यों पर भी विचार मंथन हुआ।

विधायक श्री प्रवीण पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयति सिंह सहित एडवायजरी फोरम के सदस्य गण सर्व श्री राजेन्द्र सेठ, कुलदीप भारद्वाज व डॉ. सत्यप्रकाश शर्मा सहित अन्य सदस्यगण व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने बैठक में कहा शहर में स्मार्ट सिटी के माध्यम से शहर की स्वच्छता की मॉनीटरिंग को और प्रभावी बनाया जाए। कंट्रोल कमाण्ड सेंटर के माध्यम से आम जनों को निगम द्वारा कचरा प्रबंधन के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराने के प्रयास हों। उन्होंने कहा स्मार्ट सिटी का कंट्रोल कमाण्ड सेंटर ग्वालियर के लिये एक बड़ी सौगात है। इसका शहर के विकास में अधिकतम उपयोग किया जाए। श्री शेजवलकर ने कहा स्वर्ण रेखा नदी रिवर फ्रंट एरिया सहित अन्य विकास कार्यों के लिए विस्तृत योजना तैयार करें और एडवाइजरी फोरम तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की सहमति के बाद ही इसे अंतिम रूप दें।

विधायक श्री प्रवीण पाठक ने भी स्मार्ट सिटी द्वारा किए जा रहे कार्यों में संधारण और मॉनीटरिंग की प्रभावी व्यवस्था बनाने का सुझाव दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने स्मार्ट सिटी के तहत आर्टिस्ट कैम्प आयोजित करने का सुझाव दिया। इनके अलावा श्री राजेन्द्र सेठ, श्री कुलदीप भारद्वाज तथा डॉ. सत्यप्रकाश शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा ग्वालियर शहर में स्वच्छता के काम में स्मार्ट सिटी द्वारा तकनीकी सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने नगर निगम आयुक्त से कहा कि सड़क और दुकान के सामने कचरा पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई से पहले कचरा संग्रहण की पुख्ता व्यवस्था करें। इस व्यवस्था के बारे में दुकानदारों को भी जानकारी दी जाए और स्वच्छता कार्यक्रम में उन्हें भी भागीदार बनाएँ।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल ने बैठक में बताया कि नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के लिये विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। शहर के सभी वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था निगम द्वारा की गई है। स्वच्छता के कार्य को प्रभावी रूप से करने के लिये वार्ड मॉनीटर बनाने के साथ-साथ जिला प्रशासन की ओर से सभी वार्डों में एक-एक जिला स्तरीय अधिकारी को भी प्रभारी बनाया गया है। स्वच्छता के साथ-साथ पानी की उपलब्धता और गंदे पानी की शिकायतों के निराकरण के लिये भी स्मार्ट सिटी के कंट्रोल कमाण्ड सेंटर द्वारा सकारात्मक सहयोग प्राप्त हो रहा है। कचरा गाड़ियों की निगरानी भी कंट्रोल कमाण्ड सेंटर के माध्यम से की जा रही है।

## जैन मिलन महिला नेमिनाथ शाखा ने दिवाली व नववर्ष परिवारिक मिलन समारोह किया आयोजित

### महिलाओ ने मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है गानों पर प्रस्तुति दी

### दिवाली व नववर्ष मिलन कार्यक्रम में महिलाओ ने विभिन्न तरह के खेले गेम्स।



ग्वालियर। मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है, जो है नाम वाला वही तो बदनाम है..मेरी चुनर उड़ उड़ जाए, हाय दिल मेरा घबराए.....याद पिया की मेरे पिया की आने लगी

हाय भीगी-भीगी रातों में...जैसे फिल्मों के गानों पर महिलाओ ने जमकर डांस किया तो सभगार में मोजूद 50 महिलाओ की तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। मौके था जैन मिलन महिला नेमिनाथ शाखा दाना ओली का आज शनिवार को दाना ओली स्थित शैली जैन के निवास पर दिवाली व नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि जैन मिलन कि क्षेत्रीय सचिव अनिता जैन थी। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय धार्मिक चेयरपर्सन सोनल जैन व सांस्कृतिक सदस्य सारिका जैन थी। कार्यक्रम शुभारंभ मंगल चरण नृत्य सुषमा जैन, निधि,जैन ने किया। संस्था की अध्यक्ष राधा जैन व सचिव संजू जैन एवं कोषाध्यक्ष रेनू जैन ने सभी पादधिकारियो व सदस्यों का चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया। सामूहिक नृत्य कार्यक्रम की संयोजिका सुषमा जैन, रजनी जैन, पूजा जैन, पिंकी शैली, मोनी, सुषमा, निधि, सारिका, सीमा, निधि ने घूमर पर शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संचालन पूजा जैन व पिंकी जैन ने किया।

### सुनीता को दिवाली क्वीन का ताज पहनाया गया

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियो संस्था की अध्यक्ष राधा जैन, सचिव संजू जैन, रेनू जैन ने दिवाली क्वीन सुनीता जैन को ताज पहनकर पुरुस्कार से सम्मानित किया। वही दूसरी क्वीन रेखा जैन व तीसरी सुधा जैन को सहित विजेताओं को भी पुरुस्कार से सम्मानित किया गया महिलाओ ने इन गेमों का आनन्द लिया। दिवाली मिलन समारोह में महिलाओ आनंद मस्ती के साथ हाउजी, लकी ड्रॉ, बैलून, सरप्राइज गेम, डांस एवं चेयर रेस आदि प्रतियोगिताएं की गई।



## साफ सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान 32 कर्मचारी मिले अनुपस्थित

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर शहर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों को लेकर निगम अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन सुबह अपने अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की मोनिटरिंग की जाकर संबंधित कर्मचारियों को आवशयक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं। इसके साथ ही आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान 9 सफाई मित्र अनुपस्थि पाये गए। उपायुक्त श्री अतिबल सिंह यादव ने आज वार्ड 21, 22 व 23 एवं टास्क फोर्स दल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 23 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जिसमें कुछ कर्मचारी बंगलों पर तैनात हैं, ऐसे तीनों कर्मचारी व 5 कर्मचारियों को 3-3 घंटे बंगलों के आसपास की सफाई, सामने की रोड का भी काम सौंपा गया। वार्ड 21 में श्रीमती शशी पत्नी राजू, श्री सचिन पुत्र पूरन पारछे अनुकंपा नियुक्ति कर्मचारी अनुपस्थित को चेतावनी लेटर प्रथम गलती के लिए दिया गया। वार्ड नंबर 22 में श्री दया किशन पुत्र कैलाशी, श्रीमती लता पत्नी श्री सुनील, श्री शिवम पुत्र श्री भोलू, श्री रवि पुत्र श्री हरिदयाल, श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री आनंद, श्री मनीष पुत्र श्री रामप्रसाद, श्री संजू पुत्र राजू, श्रीमती शब्बो पत्नी आनंद, श्री संजय पुत्र रमेश, श्री आनंद पुत्र श्री देवराज, श्री अजय पुत्र श्री दीनदयाल, श्री राजेंद्र पुत्र श्री रामजीलाल, श्रीमती अनीता, श्री रोहित पुत्र विजय, श्री अर्जुन पुत्र श्री किषन।

## संक्षिप्त समाचार

### उद्यमिता विकास कार्यक्रम में आवेदन 15 दिसम्बर तक लिए जाएंगे

ग्वालियर। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा केन्द्र प्रवर्तित योजना - राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत उद्यमिता विकास कार्यक्रमों में आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2021 से ब?ाकर 15 दिसम्बर 2021 कर दी गयी है। पात्र इच्छुक उद्यमी एवं हितग्राही योजना के पोर्टल 222.nlmudyamimitra.in/ के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

बालक- बालिकाओं की जिला बॉक्सिंग स्पर्धा का आयोजन आज से

ग्वालियर दिनांक 04 दिसम्बर 2021 - नगर निगम ग्वालियर एवं ग्वालियर डिस्ट्रिक्ट एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में बालक एवं बालिका दोनो वर्गों में जिला बॉक्सिंग स्पर्धा का आयोजन 5 दिसम्बर 2021 को प्रातः 10:30 बजे एकलव्य खेल परिसर में आयोजित किया जा रहा है। खेल अधिकारी श्री सतपाल सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि खेलों को बडावा देने के लिए निगम द्वारा समय समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। उसी के तहत 5 दिसम्बर 2021 को जिला बॉक्सिंग स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि सासंद ग्वालियर श्री विवेक नारायण शेजवलकर व कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल करेगें। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के खिलाडी हिस्सा ले रहे हैं। जानकारी देते हुए बताया कि जिला बॉक्सिंग स्पर्धा का आयोजन 5 से 8 दिसम्बर 2021 तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न क्लबो के बालक बालिका अलग-अलग आयु वर्गों में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के सभी खिलाडियों बाउट एवं डॅञ बना लिए गए हैं। इसकी जानकारी जिला बॉक्सिग संघ के सचिव श्री तरनेश तपन ने बताया। साथ ही प्रतियोगिता में टेक्निकल कमैटी का गठन किया गया है। जो इस प्रकार है- वरिष्ठ उपाध्यक्ष बॉक्सिंग संघ श्री मनोज कुशवाह, श्री तरनेश तपन व श्री पंकज प्रवीन ज्यूरी ऑफ अपील, ज्यूरी ऑफ रिंग के ऑफिसियल श्री एकता यादव, श्री संतोष अर्गल, श्री शिवम पचौरी, श्री रोहित पांडे, श्री नरेन्द्र दादारिया, श्री दिवाकर राजवत, श्री नितिन तोमर, श्री शिवम तोमर रहेगें। प्रतियोगिता में मेडिकल सुविधा में डॉक्टर की भी ड्यूटी लगाई गई है। श्री चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडी, ऑफिसियल और जिला बॉक्सिंग संघ को स्पष्ट निर्देश दिये गए हैं। कि कोविड नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। कोई भी खिलाडी बिना मास्क के प्रतियोगिता स्थल पर नहीं होना चाहिए। प्रतियोगिता स्थल पर मास्क, सैनिटाइजर आदि की व्यवस्था की गई है।

### 'नागरिकों की भागीदारी स्वच्छता के लिये जरूरी' जागरूकता कार्यक्रम आज

ग्वालियर। 'नागरिकों की भागीदारी स्वच्छता के लिये जरूरी' जागरूकता कार्यक्रम 5 दिसम्बर 2021 को जीवाजी यूनिवर्सिटी के अटल सभागार में दोपहर 03 बजे आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शहर के जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्धजन, वार्ड क्राइसिस मैनेजमेंट समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य ,जिला प्रशासन, नगर निगम, आमजन, सामाजिक संस्थायें उपस्थित रहेगें। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार शहर को साफ व स्वच्छ रखने व स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों को लेकर नागरिकों की भागीदारी स्वच्छता के लिये जरूरी कार्यक्रम एवं सभी के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें निगम द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों व नवाचारों को आमजन को बताया जाएगा एवं सभी के सहयोग से किस प्रकार ग्वालियर को स्वच्छ व सुन्दर बनाया जा सकता है। नगर निगम द्वारा वर्तमान में शत प्रतिशत घरों से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, कचरा उत्पादन स्थल से ही गीला- सूखा कचरा अलग-अलग लिया जा रहा है। निगम के सभी कचरा ट्रांसफर स्टेशनों से कचरा कंपोस्ड कर लेंडफिल साइड भेजा जा रहा है। बरा लेंडफिल साइड को विकसित कर आकर्षित पार्क बनाई गई है। इसके साथ ही निगम द्वारा कई नवाचार कर शहर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए कार्य किये जा रहे हैं। शहर के सभी कचरा ठीए समाप्त किए जा कर उनके स्थान पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं।

### दो दिवसीय कैंप में 202 नवीन जल कनेक्शन स्वीकृत, दो लाख रूपये से अधिक का वसूला जलकर

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए नवीन जल कनेक्शन एवं जल कर वसूली के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शहर में शनिवार को आयोजित शिविर में नागरिकों ने उत्साह दिखाया और नवीन जल कनेक्शन के लिए 202 नए नल कनेक्शन स्वीकृत किए गए। इसके साथ ही कुल 2 लाख 27 हजार 762 रूपये जलकर उपभोक्ताओं द्वारा जमा कराया गया। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार जलकर वसूली के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने एवं अवैध नल कनेक्शन के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही जलकर उपभोक्ताओं को नवीन जल कनेक्शन प्रदान करने के लिए वार्डों में जलकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नोडल






## ग्वालियर के विकास योजना-2035 (प्रारूप) पर आयोजित सुनवाई में समिति ने मानी MPCCI की अधिकांश मांगे

ग्वालियर। टीएण्डसीपी द्वारा प्रकाशित ग्वालियर विकास योजना-2035 के प्रारूप पर प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई हेतु आज एक बैठक का आयोजन मान सभागार, मोतीमहल में किया गया । उक्त बैठक में MPCCI की ओर से मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष-पारस जैन शामिल हुए ।

एमपीसीसीआई, अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि ग्वालियर विकास योजना-2035 पर प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई हेतु राज्य सरकार द्वारा गठित समिति के समक्ष MPCCI की ओर से मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष-पारस जैन द्वारा अपनी मांगे प्रस्तुत की गई, जिस पर समिति द्वारा MPCCI की अधिकांश मांगे स्वीकार कर ली गई । इससे पूर्व भी चेम्बर द्वारा प्रस्तुत ज्यादातर मांगे टीएण्डसीपी द्वारा स्वीकार कर ली गई थी ।

**MPCCI की ओर से प्रस्तुत माँगे निम्नानुसार हैं :-**

1. प्रस्तावित विकास योजना 2035 (प्रारूप) के पृष्ठ क्र 8819 पर बिंदु क्र 2.7 ÷जनसांख्यिकी एवं सामाजिक आर्थिक विश्लेषण'' के तहत भारत की जनगणना 2011 के आधार पर सारणी 2-सा-6, सारणी 2-सा-7,सारणी 2-सा-8, सारणी 2-सा-9, सारणी 2-सा-10, सारणी 2-सा-11, सारणी 2-सा-12 में 66 वार्डों की बजाए 60 वार्डों की एवं नगर पालिक निगम, ग्वालियर की अन्तर्विहित अधिसूचित सीमाओं में शहरी विकास हेतु विभाजित 66 वार्डों की बजाए 60 वार्डों की सारणी 2-सा-13 में नामांकित की जानकारी प्रेषित की गई है। अतः 66 वार्ड की जानकारी आना चाहिए ।
2. प्रस्तावित विकास योजना 2035 (प्रारूप) के पृष्ठ क्र 8878 पर पंक्ति क्र 19 में ''फूलबाग से सेवानगर'' को 30 मीटर चौड़ा मार्ग एवं पंक्ति क्र 20 में ''सेवानगर से किला गेट'' तक 18 मीटर चौड़ा मार्ग प्रस्तावित किया गया है। जबकि मौके पर फूलबाग से खेड़ापति रोड तक ही 30 मीटर चौड़ा मार्ग मिलना सम्भव है इसके बाद वाले हिस्से में किला गेट तक 18 मीटर चौड़ा मार्ग भी मुश्किलों से ही मिल सकता है। अतः इस मार्ग को मौके पर उपलब्ध मार्ग के नजदीक चौड़ाई तक बढ़ाया जाना प्रस्तावित किया जाना चाहिए। यह कि इसी तरह पंक्ति क्र 26 में जयेन्द्रगंज में मौके पर 18 मीटर चौड़े मार्ग की जगह 30 मीटर प्रस्तावित चौड़े मार्ग के समक्ष 4 लेन /2 लेन निर्मित करना दर्शाया गया है।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478